वर्ष 24, अंक 150, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 9 दिसंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## वो जिन्ना के चश्मे से वंदे मातरम को देखते हैं- राजनाथ

**नई दिल्ली**

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने सोमवार को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में विशेष चर्चा को संबोधित किया और कहा कि राष्ट्रगान राष्ट्र की धड़कन और दुनिया भर में एक मंत्र बन गया है। लोकसभा में संसद के शीतकालीन सत्र में बोलते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि 1906 में भारत का पहला झंडा बनाया गया था, और उस झंडे के केंद्र में वंदे मातरम लिखा गया था, जिसे पहली बार बंगाल में फहराया गया था। अगस्त 1906 में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए वंदे मातरम नामक एक समाचार पत्र भी शुरू किया गया था। यह वह समय था जब वंदे मातरम केवल एक शब्द नहीं था, यह एक भावना, प्रेरणा का स्रोत और एक कविता थी। राजनाथ ने कहा कि वंदे मातरम अपने आप में पूर्ण है और इसे अपूर्ण बनाने के कई प्रयास किए गए। वंदे मातरम को उसका गौरव लौटाना समय की मांग है। राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा आजादी के बाद वंदे मातरम को हाशिए पर रखा गया और उसे वह न्याय नहीं मिला जिसका वह हकदार था। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि वंदे मातरम सिर्फ. बंगाल तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका इस्तेमाल पूर्व से पश्चिम तक होता था, और सिर्फ. भारत में ही नहीं, बल्कि भारत के बाहर भी लोग इसका जाप करते थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी लोग वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न मनाएँगे और इसे वह दर्जा देंगे जिसका यह हकदार है। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों को अखंड भारत से समस्या थी या जो उससे डरते थे, उन्होंने राष्ट्रगीत के बाकी छंदों पर आपत्ति जताई। मेरा बस यही सवाल है कि कांग्रेस ने ऐसे लोगों का समर्थन क्यों किया?



### वंदे मातरम भारत की आत्मा का हिस्सा, बंगाल चुनाव की वजह से आज बहस, लोकसभा में बोलीं प्रियंका गांधी

**प्रियंका** गांधी वाड्रा ने लोकसभा में वंदे मातरम पर बहस पर अपना भाषण शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रगीत भारत की आत्मा का हिस्सा है। उन्होंने भाजपा पर पश्चिम बंगाल में आगामी चुनावों के कारण इस मुद्दे को बहस के लिए लाने का आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि वंदे मातरम ने भारतीयों को एकजुट किया। भाजपा सर से पहले राष्ट्रगीत पर बहस चाहती थी। यह लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश है। सरकार वंदे मातरम पर बहस चाहती थी क्योंकि बंगाल में चुनाव जल्द ही होने वाले हैं। प्रियंका ने कहा कि आज सदन में 'वंदे मातरम्' पर बहस की दो वजहें हैं। पहला बंगाल में चुनाव आने वाला है। ऐसे में हमारे प्रधानमंत्री महोदय अपनी भूमिका बनाना चाहते हैं। दूसरा जिन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी, देश के लिए कुर्बानियां दीं, ये सरकार उन पर नए आरोप लादने का मौका चाहती है।

## जिन्ना-टैगोर-बोस का जिक्र कर पीएम मोदी ने हटाई इतिहास की धूल!

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** में वंदे मातरम् पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू पर राष्ट्रीय गीत के प्रति मुहम्मद अली जिन्ना की सोच को सपोर्ट करने का आरोप लगाया. चर्चा की शुरूआत करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि नेहरू ने एक बार नेताजी सुभाष चंद्र बोस को लिखा था कि वंदे मातरम् मुसलमानों को भड़का और चिढ़ा सकता है और इसके इस्तेमाल पर विचार करने का सुझाव दिया था.



'नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा'

पीएम मोदी ने कहा, "वंदे मातरम् के प्रति मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी. मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1937 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया. फिर कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा. जवाहरलाल नेहरू ने मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जवाब देने और निंदा करने की बजाय उल्टा वंदे मातरम् की पड़ताल शुरू कर दी."

पीएम ने सुभाष चंद्र बोस को लिखी चिट्ठी का जिक्र किया

प्रधानमंत्री ने कहा, "जिन्ना के विरोध के 5 दिन बाद ही 20 अक्टूबर को जवाहरलाल नेहरू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को चिट्ठी लिखी और जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए लिखा कि वंदे मातरम् की आनंदमठ वाली पृष्ठभूमि मुसलमानों को भड़का सकती है. इसके बाद कांग्रेस का बयान आया कि 26 अक्टूबर को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक कोलकाता में होगी, जिसमें वंदे मातरम् के उपयोग की समीक्षा की जाएगी."

'कांग्रेस ने वंदे मातरम् पर समझौता किया'

उन्होंने कहा, "पूरे देश में इस प्रस्ताव के विरोध में लोगों ने प्रभात फेरियां निकालीं, लेकिन दुर्भाग्य से 26 अक्टूबर को कांग्रेस ने वंदे मातरम् पर समझौता कर लिया, वंदे मातरम् के टुकड़े कर दिए. उस फैसले के पीछे नकाब यह पहना गया कि यह सामाजिक सद्भाव का काम है, लेकिन इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के आगे घुटने टेक दिए. हिंदुस्तान में रहने वाले हर शख्स को तिरंगे के आगे झुकना होगा."

'चट्टान की तरह अडिग रहा वंदे मातरम्'

पीएम मोदी ने कहा, "एक समय था जब बंगाल की बौद्धिक शक्ति पूरे राष्ट्र का मार्गदर्शन और प्रेरणा करती थी. अंग्रेज समझते थे कि बंगाल की शक्ति ही भारत की शक्ति का केंद्र बिंदु है इसीलिए उन्होंने सबसे पहले बंगाल को विभाजित करने का प्रयास किया।

## कोडीन कफ सिरप सिंडिकेट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, फर्जी फॉर्म बनाकर कर रहे थे व्यापार

**वाराणसी**

**कोडीन** कफ सिरप सिंडिकेट मामले में जैसे-जैसे तफ्तीश आगे बढ़ रही है, नए खुलासे सामने निकल कर आ रहे हैं. आज सोमवार (8 दिसंबर) के दिन वाराणसी पुलिस को इस मामले में सफलता हासिल हुई. वाराणसी पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिन पर आरोप है कि फर्जी फॉर्म बनाकर यह लाखों सिरप बेचकर करोड़ों का व्यापार कर रहे थे और इनका तार इस पूरे मामले के सरगना से भी जुड़ा हुआ बताया जा रहा है.

वाराणसी पुलिस ने दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

सोमवार के दिन वाराणसी पुलिस ने कोडीन कफ सिरप सिंडिकेट मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जिसमें एक का नाम विजय कुमार जायसवाल और दूसरे का नाम बदल आर्य बताया जा रहा है।

## 1 लाख लोग करेंगे कुरान का पाठ, TMC के निलंबित विधायक ने दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली**

नई बाबरी पर हुमायूं कबीर का बड़ा बयान सामने आया। उनका कहना है 1 लाख लोग कुरान का पाठ करेंगे। ये बड़ी खबर है। चावल और मांस का भोज होगा। हुमायूं कबीर ने कहा। हुमायूं कबीर ने आगे यह भी कहा है कि उन्होंने गीता पाठ किया। अब हम कुरान का पाठ करेंगे। दरअसल हमने कल देखा था कि कोलकाता में सामूहिक गीता पाठ किया गया था। हुमायूं कबीर कह रहे हैं कि उन्होंने गीता पाठ किया था। तब इसके बदले में हम यहां पर कुरान का पाठ करेंगे और जो भोज होगा उसमें बांस और चावल होगा। सनातन धर्मावलंबी मानुष उनका पवित्र गीता पाठ कर रहा है।

कबीर ने कहा कि फरवरी में कुरान पाठ के बाद बाबरी मस्जिद के निर्माण का काम शुरू होगा। कबीर ने इससे पहले 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस की वर्षगांठ के दिन मुर्शिदाबाद जिले में अयोध्या की बाबरी मस्जिद के मॉडल पर आधारित एक मस्जिद की नींव रखी थी। टीएमसी ने हुमायूं कबीर को पार्टी विरोधी गतिविधियों और सांप्रदायिक राजनीति का आरोप लगाते हुए



**हुमायूं कबीर ने आगे यह भी कहा है कि उन्होंने गीता पाठ किया। अब हम कुरान का पाठ करेंगे। दरअसल हमने कल देखा था कि कोलकाता में सामूहिक गीता पाठ किया गया था।**

पार्टी से निलंबित कर दिया है। इस बीच, विभिन्न मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों के साधु और आध्यात्मिक नेताओं के समूह सनातन संस्कृति संसद ने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 'पंच लाखो कंठे गीता पाठ' (पांच लाख आवाजों द्वारा गीता पाठ) का आयोजन किया गया।

भाजपा का आरोप - धार्मिक ध्रुवीकरण करा रहीं ममता

कोलकाता में आयोजित सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2026 विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में धार्मिक आधार पर वोटों का ध्रुवीकरण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार 'कट्टरपंथी शक्तियों' को बढ़ावा दे रही है और हिंदू समाज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। कार्यक्रम में कई भाजपा नेता शामिल हुए। आयोजकों ने इसे आध्यात्मिक आयोजन बताया, हालांकि इसके राजनीतिक मायने भी चर्चा में है।

## हम एयरलाइन नहीं चला सकते

### इंडिगो संकट पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को इंडिगो संकट पर तत्काल सुनवाई की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। देश भर में एयरलाइन को भारी व्यवधानों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण एक हफ्ते के लिए हजारों उड़ानें रद्द कर दी गईं। इंडिगो संकट पर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए अदालत ने कहा कि हम एयरलाइन नहीं चला सकते। इस मुद्दे का उल्लेख एक वकील ने किया, जिन्होंने पीठ को बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना के उड़ानें रद्द किए जाने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने जवाब दिया कि स्थिति गंभीर है और लाखों लोग हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं लेकिन न्यायालय एयरलाइन नहीं चला सकता।





मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि भारत सरकार ने पहले ही इस संकट का संज्ञान ले लिया है और कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि समय पर कार्रवाई की गई है। संबंधित घटनाक्रम में दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें इंडिगो एयरलाइंस द्वारा नियमों के अनियंत्रित उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। जिसमें मनमाने ढंग से रद्दीकरण, ओवरबुकिंग, यात्री अधिकारों का उल्लंघन, भेदभावपूर्ण व्यवहार और डीजीसीए अनुपालन विफलताएं शामिल हैं, जो मौजूदा विमानन संकट का कारण बनी हैं।

हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका का उल्लेख किया गया।

## नीतीश सरकार ने दी शिक्षकों को बड़ी खुशखबरी

### अब हर महीने इस तारीख को मिलेगा वेतन



**बिहार**

**बिहार** के शिक्षकों के हित में नीतीश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. उन्हें अब समय पर वेतन मिलेगा. इसके लिए तारीख तय कर दी गई है. अब हर माह की पहली तारीख को वेतन मिल जाएगा. शिक्षा विभाग ने सोमवार (08 दिसंबर, 2025) को इससे संबंधित मानक संचालन प्रणाली (एसओपी) जारी किया.

डीईओ और डीपीओ को भेजा गया पत्र

विभाग ने स्पष्ट किया कि राज्यकोष से वेतन पाने वाले संस्कृत एवं मदरसा शिक्षकों तथा रात्रि प्रहरियों को भी एक तारीख को ही वेतन का भुगतान किया जाएगा. प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) और जिला कार्यक्रम अधिकारियों (डीपीओ) को पत्र भेजा है.

एसओपी के अनुसार पुराने वेतनमान वाले नियमित शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए हर माह 20 से 25 तारीख तक प्रखंड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों की अनुपस्थिति विवरणी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को सौंपेंगे. जिला कार्यक्रम अधिकारी (स्थापना) 25 तारीख तक वेतन विपत्र तैयार कर 26 तारीख को कोषागार में प्रस्तुत करेंगे. कोषागार अधिकारी इसे 30 तारीख तक स्वीकृत करेंगे और एक तारीख को शिक्षकों के खाते में वेतन राशि भेज दी जाएगी. शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार राज्यकोष से वेतन प्राप्त करने वाले नियोजित शिक्षकों के लिए भी यही प्रक्रिया लागू होगी. उनके वेतन विपत्र 25 तारीख तक तैयार होकर 26 तारीख को कोषागार भेजे जाएंगे, जिन्हें 30 तारीख तक स्वीकृति मिलेगी. जिला शिक्षा कार्यालय 26 से 29 तारीख के बीच बैंक को भेजे जाने वाला परामर्श तैयार करेगा।

## नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस ने किया सस्पेंड

### लगाए थे भ्रष्टाचार के आरोप

**पंजाब**

**नवजोत** कौर सिद्धू को उनके विवादास्पद बयान के बाद कांग्रेस पार्टी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह सिद्धू के उस विवादित बयान के कुछ ही घंटों बाद हुआ है जिसमें उन्होंने कहा था कि जो 500 करोड़ रुपये का सूटकेस देता है, वह पंजाब का मुख्यमंत्री बन जाता है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लगाए। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी कौर ने शनिवार को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा हम हमेशा पंजाब और पंजाबियत की बात करते हैं...लेकिन हमारे पास 500 करोड़ रुपये नहीं हैं जो हम मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के लिए दे सकें।





सिद्धू पर बात करते हुए नवजोत कौर ने दावा किया कि सिद्धू का कांग्रेस के प्रति लगाव तो बहुत है लेकिन उन्हें कभी मुख्यमंत्री पद नहीं मिलेगा। मीडिया ने सवाल किया क्यों नहीं मिलेगा? जवाब में नवजोत बोली मुख्यमंत्री बनने के लिए ?500 करोड़ लगते हैं और हमारे पास देने के लिए इतने पैसे नहीं हैं। इसी के साथ सिद्धू के वापस बीजेपी जाने के सवाल पर नवजोत ने कहा कि मैं खुल के बोलती हूं वो कांग्रेस के साथ अटैच्ड है।

बहुत ज्यादा उनको उनके साथ प्रियंका जी के साथ अटैचमेंट है। पर मुझे इतनी इनफैक्टिंग में लग नहीं रहा कि कहीं भी नवजोत सिद्धू को ये प्रमोट होने देंगे। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि उनकी टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस में नेताओं से लेकर कार्यकताओं तक भ्रष्टाचार व्याप्त है।

उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति मुख्यमंत्री बनने के बारे में तभी सोच सकता है जब उसके सूटकेस में 500 करोड़ रुपये हों। कांग्रेस पूरी तरह से भ्रष्ट आचरण में डूबी हुई है। पंजाब भाजपा प्रमुख सुनील जाखड़ ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनके दावे को कांग्रेस के लेन-देन की राजनीति के इतिहास से जोड़ा।

## बिजली उपभोक्ताओं पर 5900 करोड़ रुपये की वसूली का खतरा

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** के बिजली उपभोक्ताओं पर एक बार फिर भारी आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका गहराने लगी है. ऊर्जा निगम ने राज्य सरकार के सामने 5900 करोड़ रुपये की बड़ी मांग रखी है. निगम का कहना है कि उत्तर प्रदेश से ट्रांसफर होकर आई कई पुरानी योजनाओं का भुगतान अब तक नहीं हुआ है. इस राशि को न मिलने से निगम की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है और इसका असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ सकता है।

## कैश कलेक्ट करके ले जा रहा था कर्मचारी

### 36 लाख से भरा बैग बदमाशों ने लूटा, 6 गिरफ्तार

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के नॉर्थ वेस्ट जिले में हुई सनसनीखेज डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. जहांगीरपुरी इलाके के मामले में दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीमों ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए पैसों और सामान का बड़ा हिस्सा बरामद किया है.

दिल्ली पुलिस के मुताबिक घटना 28 नवंबर 2025 की है. पीड़ित रोशन लाल, जो एक फर्म में काम करता है, शाम करीब पौने आठ बजे स्कूटी से 36 लाख नकद लेकर अपने मालिक को देने जा रहा था. जब वह मुकुंदपुर फ्लाईओवर के पास पहुंचा, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया.

नकदी लेकर फरार हुए थे बदमाश

एक आरोपी ने स्कूटी को धक्का देकर गिरा दिया, जबकि दूसरे ने चाकू से हमला कर दिया. हाथ में चोट लगने के बाद जान बचाने के लिए पीड़ित मौके से भाग गया. बदमाश नकदी से भरा बैग और स्कूटी लेकर फरार हो गए. घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया.

दिल्ली पुलिस ने खुफिया जानकारी पर की अहम कार्रवाई

दिल्ली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते एक टीम बनाई गई. सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने लगातार छापेमारी की. पुलिस ने पहले चार आरोपियों को पकड़ा, जिनकी निशानदेही





पर दो अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी हुई.

दिल्ली पुलिस के खुलासा में हुआ अहम खुलासा

दिल्ली पुलिस के पूछताछ में खुलासा हुआ कि एक आरोपी नितेश को पता था कि पीड़ित बड़ी रकम लेकर आता-जाता है. उसने यह जानकारी अपने साथी इरफान को दी, जिसके बाद सभी ने मिलकर लूट की योजना बनाई. वारदात से पहले रास्ते की रेकी की गई थी.

पुलिस ने आरोपियों के पास से 10.40 लाख नकद, पीड़ित की स्कूटी, दो मोटरसाइकिलें, लूट की रकम से खरीदी गई एक स्विफ्ट डिजायर कार और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं. गिरफ्तार आरोपियों में से कई पहले भी हत्या, आर्म्स एक्ट, चोरी और स्नैचिंग जैसे गंभीर मामलों में शामिल रह चुके हैं. फिलहाल पुलिस आरोपियों की अन्य आपराधिक गतिविधियों की जांच कर रही है।

# पुनरीक्षण में बीएलओ का सहयोग करें मतदाता : डॉ. वाचस्पति

## बारा विधायक डॉ. वाचस्पति की बड़ी पहल, तहसील सभागार में एसआईआर को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**




**जसरा।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील आज एक अलग ही तस्वीर पेश कर रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख़्त निर्देशों के बाद मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर बारा में प्रशासनिक सक्रियता चरम पर दिखाई दी। इसी क्रम में बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने अपनी पूरी विधानसभा की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेकर तहसील सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, जिसमें पूरा प्रशासन मौजूद रहा। सभागार के अंदर माहौल बेहद गंभीर लेकिन विकासात्मक ऊर्जा से भरा था।उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम, तहसीलदार रोशनी सोलंकी, नायब तहसीलदार विजय और राकेश यादव, तथा रक्फ़ में लगी पूरी तकनीकी और स्थलीय टीम एक-एक करके रिपोर्ट पेश करते रहे और विधायक डॉ. वाचस्पति हर बिंदु पर गहरी नजर रखते दिखे। विधायक ने साफ कहा कि मतदाता पुनरीक्षण केवल सरकारी कार्य नहीं, बल्कि जनता को उनके अधिकार से जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर मतदाता का नाम सही-सही दर्ज हो उन्होंने पूरी टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र के हर बूथ पर किस तरह की प्रगति चाहिए, कहाँ गति धीमी है, किस जगह पर विशेष निगरानी देनी है, हर बात जमीन से जुड़ी भाषा में समझाते हुए आगे का रोडमैप तय करवाया। विधायक बार-बार यह कहते भी सुने गए कि बारा विधानसभा की जनता ने उन्हें सेवा के लिए चुना है और वे हर कार्य में स्वयं निगरानी रखेंगे। समीक्षा बैठक के दौरान यह भी देखा गया कि डॉ. वाचस्पति जनता के हितों को लेकर कितने संवेदनशील हैं। उन्होंने टीम से कहा कि गाँव-गाँव जाकर बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाओं और नए मतदाताओं के नाम सुनिश्चित कराए जाएँ। हमारी विधानसभा का एक भी योग्य मतदाता छूटना नहीं चाहिए, यही हमारे क्षेत्र की ताकत है। विधायक डॉ. वाचस्पति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एसआईआर का काम प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर जिस गति से काम कर रहे हैं, उससे बारा विधानसभा प्रदेश की सबसे सक्रिय और व्यवस्थित विधानसभा के रूप में आगे आएगी।



बैठक में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद श्यामू, मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, ई. प्रकाश सिंह, संतोष जायसवाल, ओमप्रकाश मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# वार्षिक उत्सव में बच्चों का 'धमाल' प्रतिभाशाली छात्र हुए सम्मानित



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** एमपी बिरला शिक्षा भवन एवं इंटर कॉलेज का स्थापना दिवस और वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दोहरे आयोजन में बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर गणेश केसरवानी और संस्था की प्रबंधक नीलिमा वर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके बाद, कॉलेज के चारों हाउस नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला और शांति निकेतन के छात्रों ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने संस्कृत नृत्य, संगीत, भजन और भाषण का मनमोहक प्रदर्शन किया। शैक्षणिक और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। हाई स्कूल में टॉप करने वाले छात्र ऋतम्भरा एवं हर्ष गौतम को चेक के माध्यम से से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उप प्रबंधक संजय शिवम, प्रधानाचार्य रीता पांडे, उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रेरित किया।



# बसहरा ने मारी बाजी गोल्हैया को हराया

**लालापुर ।** क्षेत्र के ओठगी तरहार गांव में क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में सोमवार को क्वाटर फाइनल मैच गोल्हैया और बसहरा तरहार की टीम के बीच खेला गया।टास जीतकर गोल्हैया की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बारह ओवर में अट्ठासी रन का स्कोर बसहरा की टीम के लिए खड़ा किया । लक्ष्य का पीछा करने उतरी बसहरा तरहार की टीम ने दस ओवर में ही तीन विकेट से मैच जीत लिया । चार विकेट लेने बसहरा तरहार टीम के खिलाड़ी ओलंगा को मैन आफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया ।इस मौके पर सत्यम , विराग मिश्रा, योगेश त्रिपाठी, सनातन तिवारी, सत्यम पांडेय, अंकित जायसवाल, संजय पाल,छोटू सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## ठंड को देखते हुए जलाया गया अलाव

**लालापुर।** ठंड और शीतलहर को देखते हुए उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम ने तहसील क्षेत्र में आने वाले सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, अस्पताल, चौराहा, अमिलिया मेला सहित भीड़ वाले स्थानों पर अलाव जलाए जाने का निर्देश जारी किया है। सोमवार को लालापुर चौराहे पर अलाव जलाया गया ।

## शत प्रतिशत फीडिंग को लेकर रात में लग रही चौपाल

**लालापुर।** एसआईआर की फीडिंग को लेकर रात में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है । सोमवार को तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने घूरी, बसहरा तरहार, छतहरा घुरेठा में चौपाल लगाकर एसआइआर फीडिंग से वंचित मतदाताओं से संवाद कर किया । तहसीलदार ने बताया की जिनके पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है और वर्तमान में उनका नाम वोटर लिस्ट में है, पुराना साक्ष्य नहीं दे पाए हैं उनसे वार्ता की जा रही है ।संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर को निर्देश दिए गए हैं की शत प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन किया जाए ।इस कार्य में राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, कोटेदार, शिक्षक व आगनबाड़ी कर्मी सहित जन प्रतिनिधियों की मदद ली जा रही है।

# सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है : संजय कृष्ण त्रिपाठी



**जंघई।** चनेथू पड़ान गांव में मुख्य यजमान घनश्याम पांडेय एवं मुंदर देवी के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, श्रीमद्भागवत महात्म्य के साथ हुआ। सोमवार को कथावाचक संजय कृष्ण त्रिपाठी महाराज द्वारा शुकदेव आगमन, कपि देवहूति संवाद प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है तथा ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में उपस्थित श्रोताओं को जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में काम, क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। महाराज ने सृष्टि विस्तार, कपिल देवहूति संवाद आदि प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है तथा ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। कथा में प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर परिजनों में विजय श्याम पांडेय, पवन पांडेय एवं प्रवेश देवी, अनिल पांडेय, अच्छे लाल पांडेय, मनोज लवकुश, दीपू, नीलेश, प्रीत, शुभम, रौनक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बीएलओ को दिए तेजी से कार्य निपटाने के निर्देश : एडीएम सिटी हीरालाल सैनी



**अखंड भारत संदेश**

**थरवई ।** रविवार को एसआईआर कार्यों में तेजी लाने के कहत एड़ीएम सिटी हीरालाल सैनी ने कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर पूरे चंदा पहुंचकर उन्होंने कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बूथ संख्या 374 पर 94 प्रतिशत, बूथ 375 पर 82 प्रतिशत तथा बूथ 376 पर 96 प्रतिशत कार्य पूरा पाया गया। उन्होंने उपस्थित बीएलओ से एक-एक विवरण पूछकर कार्यों की गहन जांच की और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। और कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय सीमा के भीतर कार्य हर हाल में पूरा होने के निर्देश दिए । मौके पर इस तहसीलदार सोरांव राजेश कुमार पाल, प्रधानाध्यापक अतुल कुमार मौर्य, करुणा पांडेय, सुपरवाइजर सुभाष पटेल सहित समस्त कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## दो पक्षों के बीच मार पीट में कई घायल पचीस के खिलाफ क्रास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव में तीन दिसम्बर को न्यायालय में चल रहे मुकदमा में सुलह को लेकर लाठी डंडा से एक दूसरे को मारा पीटा गया था और घर में घुसकर कर तोड फोड़ की गई थी । इस खूनी संघर्ष में कई को चोटें आयी थी।घायल एक पक्ष के मंजेश कुमार पुत्र जीत लाल ने सोमवार को मऊआइमा थाने में शिव कुमार,राज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शमशेर कुमार, सूरज, आकाश, राधेश्याम, सालिक राम,राम प्रसाद, कृष्णा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।जब कि दूसरे पक्ष के घायल अजय कुमार, शमशेर, धर्मेंद्र,राम प्रसाद, अंकिता की ओर से कृष्णा देवी पत्नी सुखलाल सरोज ने कुलदीप, संदीप कुमार, रोहित कुमार, मंजेश कुमार, राहुल, मोहित,जंगबहादुर, सुभाष,लव कुश,शिव लाल उर्फ गुंडे, रामेश्वर, नोखेलाल, अशफीर्लाल, धर्मेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों की नवाचार क्षमता देख अभिभूत हुए अतिथि





**अखंड भारत संदेश**

## प्रधानाचार्य देव प्रकाश यादव ने प्रतिभागी छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया

**करछना।** करछना तहसील अंतर्गत माधवेन्द्र इंटर कॉलेज बरांव में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों की प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन बना। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार पटेल, प्रवक्ता मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना, तथा मनीष कुमार शुक्ला, प्रवक्ता बृजमंडल सिंह इंटर कॉलेज रामपुर ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के विविध सिद्धांतों पर आधारित मॉडल्स प्रस्तुत किए, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संचयन, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, कृषि तकनीक तथा स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे विषय विशेष रूप से शामिल रहे।

मुख्य अतिथियों ने एक-एक मॉडल का गहन निरीक्षण किया और बच्चों से मॉडल की कार्यप्रणाली तथा वैज्ञानिक सिद्धांतों से जुड़े सवाल पूछे। छात्रों ने आत्मविश्वास और उत्साह के साथ सभी प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए, जिससे अतिथि विशेष रूप से प्रभावित हुए। उन्होंने बच्चों की मेहनत, प्रतिभा और जिज्ञासा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित जनों ने भी छात्रों की रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल की प्रशंसा की।

प्रधानाचार्य देव प्रकाश यादव ने प्रतिभागी छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करते हैं। कार्यक्रम में दिलीप कुमार शर्मा, भुवनेश्वर पांडे, कृष्ण कुमार द्विवेदी, दिनेश विश्वकर्मा, विमलेश यादव, प्रभात कुमार, अजीत सिंह, शिप्रा सिंह, प्रतिभा यादव, गोविंद प्रसाद समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। विज्ञान प्रदर्शनी ने न सिर्फ बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाया बल्कि विद्यालय में सीखने का एक प्रेरक वातावरण भी तैयार किया।

# माण्डवी देवी धाम में भव्य मेले का आयोजन सम्पन्न, चप्पे चप्पे पर फोर्स तैनात

## मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द पूर्ण से मनाने के लिए पुलिस बल के साथ लेते रहे जायजा

**मांडा-प्रयागराज।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा अंतर्गत विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के कोठी से पांच सौ मीटर दूर पर स्थित प्राचीन माण्डवी देवी धाम में हर साल की तरह सोमवार को मेले का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दूर के दर्शनार्थियों का जन सैलाब उमड़ा रहा वही मनोरंजन के श्रव्यदृष्टि सामग्रियों व खाने पीने के लिए दुकानों की सजावटी रही।

सोमवार को मेले में आए दर्शनार्थियों ने माँ माण्डवी देवी का दर्शन कर हलुआ, पुड़ी व माला फूल,नारियल भेट कर अपनी-अपनी मन्नत मांगी।वही मंदिर से सौ मीटर दूर पर एक बैरियर लगा कर वाहनों को दूर खड़ा करने की व्यवस्था की गई।जिससे लोग दर्शन करने के बाद आसानी से अपने अपने घर के लिए प्रस्थान होते रहे। उचक्कों व मेले में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने भारी संख्या में पुलिस बल चप्पे चप्पे पर तैनात कर मेले का जायजा लेते रहे ' मेले में झूला, जम्पिंग खेल व मनोरंजन का भव्य प्रदर्शन रहा।

## पत्रकार पिता के निधन पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद सहित पार्टी के अन्य नेताओं का एक जत्था करुआडीह निवासी अमर उजाला अखबार के फूलपुर प्रभारी रामनरेश यादव के घर जाकर उनके पिता भगौती दीन यादव करीब 95 वर्षीय के देहावशान पर उनकी आत्मा की शांति और पारिवारिक जनों को धैर्य के लिए इस दुःख की घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना किया गया। और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए भावभीनी शद्धांजलि अर्पित कर शोक शोक जताया गया। तथा 2 मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से एडवोकेट देवराज उपाध्याय, सुनील कुमार पांडे, डॉ.अमर सिंह, राजेंद्र केसरवानी, मो.आमिर, संजय कुमार, संजय मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# बड़ोखर में आयोजित चतुर्थ विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा कार्यक्रम सम्पन्न

**कोरांव।** प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों की सुरक्षा व संवर्धन तथा पर्यटन विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर आयोजित चतुर्थ विशाल पर्वतारोहण स्पर्धा कार्यक्रम बड़ोखर में कृषक शान्ति निकेतन इण्टर कालेज से शुरू होकर बड़ोखर पहाड़ पर स्थित तालाब पर बच्चों को प्रशस्ति प्रमाणपत्र वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। पर्वतारोहण से पूर्व आयोजित पर्यावरण, पर्यटन व धरोहरों पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दर्जनों स्कूल के सैकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग किया।

बच्चों का ज्ञानबर्धन करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कैमूर पहाड़ी की तलहटी में स्थित कोरांव तहसील क्षेत्र के बड़ोखर ग्राम पंचायत में पर्यटन की देश के लिए असीम संभावनाएं हैं। यहां कैमूर पहाड़ी पर स्थित तालाब और जीर्ण शीर्ण अवस्था में मंदिर पर्वत के ऊपर अपनी प्राचीनता का जहां संदेश दे रहा है, वही देश के विकास से जुड़ी बेलन नदी घाटी सभ्यता को भी सुशोभित कर रहा है। यहां जरूरत है देश और प्रदेश की सरकार को इसकी ऐतिहासिकता और पौराणिकता तथा प्राकृतिक धरोहरों को संजोने की और इसे विकसित करने की जिससे मध्य प्रदेश के सीमा से सटे हुए इस क्षेत्र का भी संपूर्ण विकास हो सके।



वक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बड़ोखर ग्राम पंचायत को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता भी जताई है। इस दौरान पर्यावरण पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए नाटक एकांकी के माध्यम से पर्यावरण स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया और प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम को प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राम कृपाल कोल, गांव की नई आवाज के सम्पादक विजय चितौरी, वरिष्ठ पत्रकार राम लखन गुप्त, प्राचार्य डाँ मो० शाबिर अली, पृथ्वी पाल सिंह, लखन प्रतापगढ़ी, नरेंद्र प्रताप सिंह, धीरज सिंह, किसान नेता लल्लन सिंह पटेल, सहित कई वक्ताओं ने पर्यावरण संतुलन के प्रति संदेश दिया। इस अवसर पर कवि पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, फूल चन्द्र सिंह, लक्ष्मी नरायण पाल, कमलेश सिंह, सत्यम केसरी, सुनील केसरी, धर्मवीर कुशवाहा, आशिफ खान, अखिलेश सिंह, महिला प्रकोष्ठ की सुषमा विश्वकर्मा, सुमन शुक्ला, मनोकामना पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। पर्वतारोहण स्पर्धा के दौरान शिवम् अक्षयवट मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल नैनी की तरफ से उपलब्ध कराई गई मेडिकल सुविधाएं आक्सीजन दवाइयां, एम्बुलेंस के साथ डाँ प्रखर राय, आनन्द पाण्डेय, प्रियंका आदित्य व जितेन्द्र मिश्र उपस्थित रहे।

पर्वतारोहण कार्यक्रम के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह एवं आयोजक सुरेश कुमार कुशवाहा ने कार्यक्रम के मूल उद्देश्य से परिचित कराते हुए आगत अतिथियों का स्वागत किया और पर्वतारोहण की इस मुहिम को लगातार आगे बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पर्वतारोहण कार्यक्रम आने वाले समय में देश के लिए नजीर बनेगा और पर्यावरण संरक्षित करने की एक नई मुहिम की शुरूआत मानी जाएगी। पर्वतारोहण कार्यक्रम में बच्चे कार्यक्रम स्थल से पर्वत के ऊपर तालाब के पास जाकर ध्वजारोहण करते हैं और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए संकल्प भी लेते हैं। यह कार्यक्रम विगत 4 वर्षों से अनवरत आयोजित हो रहा है। जिसमें लगातार क्षेत्र के लोगों की भागीदारी बढ़ रही है।

# जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना मतदाता गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास शीघ्र जमा करायें : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को संगम सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक की। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 91.37 प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्र बी०एल०ओ० द्वारा संग्रह कर डिजीटाइज कर दिया गया है। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार एसआईआर की प्रगति के बारे में अवगत कराया और उन्होंने बताया कि घर-घर सर्वे के दौरान जो मतदाता नहीं मिल रहे है, मृतक श्रेणी के है, डुप्लीकेट हैं, पूर्ण रूप से स्थानातरित हो गये है, या गणना प्रपत्रों को वापस देने से इंकार कर रहे है, ऐसे मतदाताओं को वेरीफाइ करते हुए सम्बंधित बीएलओ के द्वारा बनायी गयी एएसडी सूची में सम्मिलित किया जा रहा है। अद्यतन एएसडी सूची को राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों एवं बीएलए के साथ बूथवार प्रतिदिन साझा किया जा रहा है। एएसडी सूची में सम्बंधित मतदाता का क्रम संख्या, इपिक नम्बर, मतदाता का नाम, एएसडी लिस्ट में डालने का कारण उल्लिखित है। उन्होंने कहा कि यदि बीएलओ के द्वारा अद्यतन एएसडी सूची में किसी मतदाता का गलत चिन्हॉकन किया गया है, तो उसकी आपत्ति सम्बंधित बीएलओ अथवा ईआरओ को उपलब्ध करा दें, जिससे सम्बंधित मतदाता का नाम रोलबैक कर दिया जाये। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से शेष रह गये लोगो को 11 दिसम्बर अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए जल्द से जल्द फार्म भरकर जमा कराये जाने के लिए कहा है, जिससे अवशेष मतदाताओं को अंतिम दिनों में किसी तकनीकी अथवा अन्य समस्या का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेण्टों को अपने स्तर से सक्रिय रखते हुए शेष रह गये लोगो का फार्म भरवाकर बीएलओ को उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसको निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाना है।

उन्होंने मतदाताओं से कहा कि यदि आपको अपना फार्म भरने में कोई कठिनाई हो रही हो, तो आप अपने बीएलओ व कॉल सेंटर के नम्बर 1950 एवं 0532-2644024 पर सम्पर्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन भी फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जो मतदाता गणना प्रपत्र भर कर देंगे, उन्हीं मतदाताओं का नाम ड्राफ्ट सूची में प्रकाशित होगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी कारणवश प्रकाशित सूची में नाम छूट जाता है तो वह मतदाता फार्म-6 भर सकता है, जिससे कि उन्हें लिस्ट में सम्मिलित किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा सहित मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय दलों के प्रतिनिधिगण एवं निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मेजा के अमिलिया कला गांव में भूमाफिया कर रहे हैं नहर विभाग भूमि पर अवैध कब्जा

**शिकायत के बावजूद भी नहर विभाग के जिम्मेदार हैं खामोश, शिकायत कर्ता आलोक श्रीवास्तव ने मामले को डीएम प्रयागराज के संज्ञान डाला तो मच गया हड़कंप,एडीएम सिटी ने तत्काल कार्यवाही के दिए निर्देश**

**मेजा।** तहसील मुख्यालय के ग्राम पंचायत अमिलिया कला में नहर विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत गांव के ही आलोक कुमार श्रीवास्तव ने नहर विभाग के संबंधित अधिकारियों से किया किंतु आज तक कोई कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में विभाग के प्रति बेहद आक्रोश है।इस संबंध में आलोक श्रीवास्तव का आरोप है कि नहर विभाग के अधिकारियों के बिना परमीशन के नहर विभाग की जमीन पर जबरन गांव के ही कुछ भूमाफियाओ द्वारा पुलिया बनाई जा रही है,जबकि नव निर्मित पुलिया से लगभग 50 मीटर दूर उसी मोहल्ले में आने जाने के लिए पूर्व में सरकारी पुलिया बनाई गई है,प्रकरण के संबंध श्रीवास्तव की बातों को सच माना जाय तो उक्त नई पुलिया बनाए जाने से नहर के पानी का निकासी का दायरा बेहद सकरा हो जाएगा जिससे जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाएगी और अगल बगल के काश्तकारों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी दबंगों द्वारा नव निर्माण कार्य निरन्तर जारी है। हालांकि शिकायत कर्ता आलोक श्रीवास्तव ने उक्त प्रकरण की शिकायत सोमवार को जिलाधिकारी प्रयागराज से किया तो डीएम के निर्देश पर एक्शन में आए एडीएम सिटी प्रयागराज ने नहर विभाग के उच्चाधिकारी को तत्काल निर्माण कार्य रोकने हेतु जहां कड़े और आवश्यक निर्देश दिए वहीं ऐसे लोगों के खिलाफ कैनाल एक्ट के अंतर्गत ठोस कार्यवाही करने का आदेश भी दिए हैं। फिलहाल अब देखना ये है कि एडीएम सिटी महोदय के आदेशों का नहर विभाग के अधिकारी अनुपालन कराते हैं अथवा नहीं ? वहीं शिकायत कर्ता ने कार्यवाही न होने की दशा में उच्चन्यायालय की शरण में जाने की चेतावनी दिया है।

# धनुआ पावर हाउस द्वारा बिजली बिल राहत योजना पर जागरूकता कैंप



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी सोमवार को बिजली बिल राहत योजना 2025 के तहत धनुआ पावर हाउस के टीजी डब्ल्यू-2 की ओर से मामा-भांजा चौराहे के समीप विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में स्थानीय नागरिकों को सरकार की बिजली बिल राहत योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें योजना का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। शिविर का संचालन कर रहे टीजी-2 के रंजन कुमार यादव ने बताया कि लोगों में योजना को लेकर उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। उन्होंने कहा कि कैंप के दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण कराया जिससे उन्हें भविष्य में बिजली बिल में मिलने वाली राहत का सीधा लाभ प्राप्त होगा। कैंप के सफल संचालन में लाइनमैन संजय पटेल, मंगल, राजेंद्र, सुजित, पंकज सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी सरलता से उपलब्ध कराने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

# भागवत कथा जीवन को धर्म सत्य और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाली है मुख्य धारा : राघवाचार्य महाराज

## दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में संचालित श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु भक्तगण हरे कृष्ण हरे राम के जयघोष से गूंजा स्कूल प्रांगड़

अखंड भारत संदेश



दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल में संचालित भागवत कथा श्रवण करते क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तगण



**मेजा।** विकासखंड उरूवा के गोसौरा कला स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में बीते 7 दिसंबर से चल रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को भक्तिभाव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा स्थल पर महिलाओं, युवाओं और बुजुर्ग श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उमड़ी हुई थी और सभी इस अद्भुत धार्मिक आयोजन में मंत्रमुग्ध होकर कथा का रसपान किया। कथा वाचक परम पूज्य जगतगुरु स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज ने सृष्टि वर्णन, कपिलोपाख्यान, ध्रुव चरित्र और पुरजनोपाख्यान का हृदयस्पर्शी वर्णन किया जिसे श्रवण का श्रद्धालु भक्तगण भक्ति की लय में झूम रहे थे। इस दौरान महाराज जी कहा कि मनुष्य जब अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और मोह से मुक्त होकर सच्चे भाव से भगवान की शरण ग्रहण करता है, तभी उसका जीवन सार्थक होता है। उन्होंने ध्रुव चरित्र का उदाहरण देते हुए कहा कि दृढ़ निश्चय और अटूट श्रद्धा साधारण मनुष्य को भी असाधारण बना देती है और भगवान भक्त का भाव स्वीकार करते हैं, पद, धन या शक्ति नहीं। कथा में महाराज जी द्वारा बताया गया कि श्रीमद भागवत कथा जीवन को धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाली दिव्य धारा है तथा श्रद्धा और भक्ति वह ऊर्जा है, जो मनुष्य को ईश्वर तक पहुंचाती है। कथा के दौरान भजन संकीर्तन होते ही श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और संपूर्ण पंडाल हरे कृष्ण हरे राम के जयकारों से गूंज उठा। आयोजनकर्ता मंडल ने बताया कि कथा प्रतिदिन निर्धारित समय पर आयोजित होगी और सभी श्रद्धालु भक्त इसका लाभ ले सकते हैं। कथा स्थल में क्षेत्र एवं आसपास के गांवों के अलावा दूर दर्ज जनपदों से आए हुए श्रद्धालुओं की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कथा मुख्य यजमान प.इंद्रमणि मिश्रा और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती दुर्गावती मिश्रा तथा स्वागता कॉंक्षी दुर्गावती स्कूल के चेयरमैन अधिवक्ता सुशील कुमार मिश्रा एवं प्रबंधक श्रीमती डा स्वतंत्र मिश्रा रहीं। कार्यक्रम के इस मौके पर मुन्नन शुक्ला, तुलसीदास तिवारी, रामकृष्ण त्रिपाठी, बलराम पांडे, मुकेश शुक्ला आदि के अलावा भारी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्तगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भारत और रूस के रिश्ते समय की कसौटी पर उतरे हैं खरे : प्रेमशंकर सिंह

## भारत में रूस के राष्ट्रपति पुतिन के दौरे भाजपा नेता ने दी प्रतिक्रिया कहा यह दौरा कई मायने में है बेहद अहम

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह ने भारत में रूस के राष्ट्रपति पुतिन के दौरे पर चर्चा करते हुए कहा कि यह दौरा कई मायने में विशेष रहा और पीएम मोदी ने अपनी कूटनीति के जरिए विश्व विरादरी को बड़ा संदेश दिया है। भारत ने अपनी विदेश नीति को स्पष्ट कर दिया कि हम न किसी से डरेंगे और न ही किसी के सामने झुकेंगे। उन्होंने दिखा दिया कि यह नया भारत है जो आंखें मिलाकर बात करता है। भाजपा नेता श्री सिंह ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन का दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब दोनों देशों के रिश्ते कई ऐतिहासिक पड़ावों पर पहुंच रहे हैं। पिछले 10 सालों में दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं और इन सबके बीच, भारत-रूस के रिश्ते समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। रूस ने हर स्थित में भारत के साथ खड़ा रहा और आतंकवाद की लड़ाई में खुल कर पुतिन की दोस्ती के जरिए बड़ा वैश्विक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखा दिया है कि हम न तो डरेंगे और न कभी झुकेंगे। श्री सिंह ने कहा भारत और रूस लंबे समय से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं,वह चाहे पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला हो या क्रोकस सिटी हाल पर हुआ कायरतापूर्ण हमला, इन सभी घटनाओं की जड़ एक ही है। श्री सिंह ने कहा कि भारत रूस दोस्ती का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भरोसा जताया है कि यह प्लेटफार्म हमारे बिजनेस संबंधों को नई मजबूती देगा। यह एक्सपोर्ट, को- प्रोडक्शन और को- इनोवेशन के लिए भी नए दरवाजे खोलेगा । उन्होंने बताया कि रूस के सहयोग से हम सबसे बड़ा भारतीय न्यूक्लियर पावर प्लांट, कुडनकुलम बनाने के लिए एक फ्लैगशिप प्रोजेक्ट भी चला रहे हैं, जिसमे रूस सहयोगी बना रहेगा। रूसी कंपनियां प्रधानमंत्री मोदी फ्लैगशिप प्रोजेक्ट मेक इन इंडिया के तहत इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का प्रोडक्शन शुरू करेंगी। इस संबंध में दौरे की और बड़ी उपलब्धियां हैं।

# स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

**झूंसी।** झूंसी पुलिस ने क्षेत्र में युवाओं को नशे का आदी बनाने वाले स्मैक के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 19 पुड़िया स्मैक के साथ तीन को गिरफ्तार किया है, जिनसे नगदी, मोबाइल, बाइक और एक साइकिल भी बरामद की गई है। क्षेत्रीय लोगों की लगातार शिकायतों के बाद, उप निरीक्षक कमलेश पटेल ने रविवार को उल्टा किला के पास घेराबंदी कर झूंसी निवासी संतोष निषाद, राममिलन, और संदीप केसरवानी को गिरफ्तार जेल भेज दिया। पुलिस को उनके पास से 19 पुड़िया स्मैक और 1400 नकद बरामद हुए। पुलिस की माने तो आरोपी स्मैक का व्यापार कर रहे थे जिससे कई युवा नशे के शिकार हो रहे थे।

# खखैचा बरना पुल निर्माण हेतु किसानों का धरना प्रदर्शन



अखंड भारत संदेश

**जंघई।** खखैचा गांव में बरना नदी पर बन रहे पुल को अन्यत्र स्थान पर बनवाने के लिए कुछ लोग सक्रिय हुए तो आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता तीन दिन से धरने पर बैठे हैं और जिस जगह पुल पास हुआ हैं वहीं बनवाने हेतु धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव एवं ब्लाक अध्यक्ष यदुनाथ सिंह के नेतृत्व में यह धरना प्रदर्शन चल रहा है। धरना प्रदर्शन की सूचना सुनकर जनसत्ता लोकतांत्रिक दल के विधानसभा अध्यक्ष प्रतापपुर सुनील सिंह मौके पर पहुंचें और सहायक अभियंता से वार्ता किया और कहा कि जिस जगह पुल पास हुआ है उसी स्थान पर बनना चाहिए ताकि दर्जनों गांव के हजारों लोग इस पुल का प्रयोग कर सकें। इस अवसर सैकड़ों, किसान, महिलाएं, बच्चें धरना प्रदर्शन में मौजूद रहे।

# नाजरथ अस्पताल ने मनाया स्वर्ण जयंती समारोह, 50 वर्षों की सेवा को किया याद

अखंड भारत संदेश







**प्रयागराज।** प्रयागराज के सबसे विश्वसनीय और लंबे समय से सेवाएँ प्रदान करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों में से एक नाजरथ अस्पताल ने शनिवार को अपना भव्य स्वर्ण जयंती समारोह मनाया। यह कार्यक्रम सेंट जोसेफ कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया जहाँ 1975 से लेकर आज तक की 50 वर्षों की करुणामयी सेवाए चिकित्सा उत्कृष्टता और सामाजिक प्रतिबद्धता का उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रयागराज की मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल थीं। समारोह की अध्यक्षता इलाहाबाद के बिशप मोस्ट रेवण लुईस मास्कारेन्हास ने की। विशिष्ट अतिथियों मे रेवण मोन्सिग्नोर रेजिनाल्ड डीश्सूजा रेव. फ्र. के. के. एंटनी, और रेव. सिस्टर रेशमा मैथ्यू न्डप शामिल रहीं।

कार्यक्रम की शुरूआत मान्यवरों के स्वागत और प्रार्थना नृत्य से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन का शुभारंभ किया गया। नाजरथ स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने अतिथियों का गुलदस्तों के साथ स्वागत किया।

नर्सिंग छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनमें ई.वेस्ट जागरूकता, देशभक्ति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानवता जैसे विषयों पर आधारित नृत्य शामिल थे। लोकप्रिय गोवा लोक.नृत्य शिपंग्गा दा पोरेश्को उपस्थित लोगों ने विशेष सराहना दी।

हॉस्पिटल के 50 वर्षों के इतिहास को दशार्ते हुए नर्सिंग स्टाफ द्वारा प्रस्तुत नाट्य रूपांतरण द स्टोरी ऑफ नाजरथ विशेष आकर्षण रहा। इस प्रस्तुति में बताया गया कि किस प्रकार 50 बिस्तरों की साधारण सुविधा से यह संस्थान आज NABH तथा NABL मान्यता प्राप्त बहुविशेषता अस्पताल के रूप में विकसित हुआ है। मुख्य अतिथि श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने अपने संबोधन में अस्पताल के उत्कृष्ट योगदान विशेषकर Covid.19 महामारी के दौरान निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि नाजरथ अस्पताल ने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की सेवा को प्राथमिकता दी है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व में सेवाएँ दे चुकी सिस्टर्स स्पॉन्सर्स सहयोगियों विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। बिशप लुईस मास्कारेन्हास ने लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों को अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किए। अपने संदेश में बिशप मास्कारेन्हास ने संस्था की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि नाजरथ अस्पताल की नींव करुणा और समावेशिता पर रखी गई हैए और इसी भाव के साथ आगे बढ़ना ही इसकी सबसे बड़ी पहचान है। कार्यक्रम के अंत मेंरे व फ्र. विपिन डीश्सूजा के नेतृत्व में आयोजन समिति सभी कलाकारों तकनीकी दल और सेवा प्रदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गानके साथ हुआ।

नाजरथ अस्पताल का स्वर्ण जयंती समारोह न केवल इसके गौरवशाली अतीत का उत्सव थाए बल्कि प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों की सेवा के प्रति इसकी लगातार प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश भी।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार से उठा आग का गुबार, बाल-बाल बचे कार सवार

**तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, घंटों बाधित रहा यातायात**



**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** सोमवार की शाम पट्टी-प्रतापगढ़ मार्ग पर अनियंत्रित कार पलट गई। कार पलटते उसमे आग लग गई। देखते ही देखते कुछ ही मिनटो में कार आग का गोला बन गई। फिलहाल हादसे में कार सवार सुरक्षित बच गये। हादसे से घंटो यातायात बाधित रहा।

प्रतापगढ़ से पट्टी की तरफ आ रही होंडा सिटी कार असंतुलित होकर सड़क के बीचो-बीच पलट गई। कार पलटते ही इंजन से धुंआ उठने लगा और देखते ही देखते आग की तेज लपटें उठने लगी। घटना की सूचना मिलते ही कंधई पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित किया और जेसीबी से रास्ते से जले हुए वाहन को हटवा दिया।राहत की बात यह रही कि हादसे के तुरंत बाद वाहन सवार समय रहते कार से बाहर निकल आए, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। यदि कुछ सेकंड की भी देरी हो जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद पट्टी-प्रतापगढ़ मार्ग पर आवागमन काफी देर तक पूरी तरह ठप रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। बाद में पुलिस की मदद से यातायात को धीरे-धीरे बहाल कराया गया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या इंजन में तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही।

# परिसर में खड़ी स्कूली मैजिक में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचे बच्चे

**अखंड भारत संदेश**




**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सैफाबाद बाजार स्थित डीआरएम कान्वेंट स्कूल के परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बच्चों को छोड़ने के बाद खड़ी की गई स्कूली वाहन मैजिक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते मैजिक धू-धू कर जलने लगी। संयोग ही रहा कि घटना के समय कोई बच्चा उसके आस-पास मौजूद नहीं था, वरना एक भयानक हादसा हो सकता था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मैजिक वाहन रोज की तरह सोमवार को बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद चालक ने उसे विद्यालय परिसर में ही खड़ा कर दिया था। कुछ देर बाद अचानक वाहन के अंदर से धुआं उठने लगा और पलभर में आग ने विकराल रूप ले लिया।जिस स्थान पर मैजिक खड़ी थी, उसके आस-पास ही साइकिल से स्कूल आने वाले बच्चों की साइकिलें भी खड़ी थीं। आग लगते ही विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। शिक्षक, कर्मचारी और ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक मैजिक वाहन पूरी तरह जल चुकी थी।जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त अधिकांश बच्चे कक्षा के अंदर पढ़ाई कर रहे थे, जिससे एक बड़ी घटना टल गई। फिलहाल आग लगने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है। इस घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूल वाहनों की तकनीकी जांच नियमित रूप से कराई जाए,ताकि भविष्य में किसी भी तरह की अनहोनी से बच्चों को बचाया जा सके।

# सांसद प्रमोद तिवारी से मिले प्राथमिक शिक्षक, सौंपा ज्ञापन



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने प्रदेश में शिक्षा पात्रता को अनिवार्य किये जाने के निर्णय को लेकर रविवार की देर शाम यहां सांसद प्रमोद तिवारी को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्राथमिक विद्यालयो मे कक्षा एक से आठ तक के शिक्षकों के लिए नियुक्ति की तिथि से शिक्षा पात्रता को अनिवार्य किया गया है। संघ के जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने सांसद प्रमोद तिवारी को बताया कि इस निर्णय से लाखों शिक्षकों के जीवन निर्वहन पर संकट उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन में शिक्षकों ने केन्द्र सरकार द्वारा आदेश में संशोधन की मांग उठाई गयी है। सांसद प्रमोद तिवारी ने शिक्षको को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर लालगंज ब्लाक अध्यक्ष संतोष मिश्र, जिला मंत्री विजय सिंह, रामपुर संग्रामगढ़ अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, सांगीपुर अध्यक्ष धर्मेन्द्र शुक्ला, लक्ष्मणपुर अध्यक्ष निर्भय सिंह, सण्डवा चंद्रिका अध्यक्ष राकेश सिंह, बाबागंज अध्यक्ष राजकरन, विष्णु सिंह, हिमांशु ओझा, अंजनी शुक्ला, इन्दु त्रिपाठी, संगीता सिंह, अम्बरीश मिश्र, ओमप्रकाश सरोज, दिग्विजय मौर्य, परितोष ओझा, ऋषि द्विवेदी, आलोक मिश्र, आशीष व दीपक आदि रहे।

## वृद्ध संन्यासी को पड़ोसियों ने बनाया उत्पीड़न का शिकार

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नगर छतौना गांव में रहने वाले एक वृद्ध संन्यासी को पड़ोसियों द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित वृद्ध भागीरथी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।पीड़ित का आरोप है कि वह लंबे समय से सन्यासी का जीवन यापन करते हुए अपने घर में अकेले रहता है। लेकिन उसके पड़ोस में रहने वाला एक युवक और महिला उसे आए दिन मार-पीट कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। इतना ही नहीं, उसे घर से भगाने की नीयत से लगातार धमकियां भी दी जा रही हैं।भागीरथी का कहना है कि उसने इस मामले को लेकर स्थानीय थाने में कई बार प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर वृद्ध सोमवार की दोपहर में पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी कार्यालय पहुंचा और वहां प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। मामले में संबंधित अधिकारी को जांच के आदेश दिये गये है।

# सड़क दुर्घटना में दो घायल



**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** बीबीपुर बारडीह गांव के पास सोमवार दोपहर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक युवक सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक उससे जा टकराई।आमापुर गांव निवासी राजेश वर्मा सोमवार को पट्टी बाजार आया हुआ था। दोपहर करीब तीन बजे वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान आसपुर देवसरा गांव निवासी प्रभाकर सिंह पट्टी बाजार की ओर आ रहा था। प्रभाकर सिंह बारडीह गांव के पास बाइक खड़ी कर सड़क के दूसरी ओर शौच करने के लिए गया हुआ था। जब प्रभाकर सिंह वापस लौटकर सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार से आ रही राजेश वर्मा की बाइक उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आस-पास के लोग पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजवाया। जहां से दोनों को मेडिकल कालेज प्रतापगढ के लिए रेफर कर दिया गया।

## धूमधाम से मनाई जाएगी स्वतंत्रता सेनानी पंडित राम राज शुक्ल की जयंती

**पट्टी।** स्वतंत्रता संग्राम के समर्पित सेनानी, समाजसेवा के प्रखर प्रतीक और पूर्व विधायक पंडित राम राज शुक्ल की जयंती 9 दिसंबर को पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई जाएगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर स्थित राम राज इंटरमीडिएट कॉलेज में उनकी स्मृति में भव्य ह्यसद्भावना समारोहह्व का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पंडित राम राज शुक्ल वर्ष 1952 से 1957 तक उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायक का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, समाजसेवा और जनकल्याण को समर्पित रहा। उनकी सादगी, जनसरोकार और निस्वार्थ सेवा ने उन्हें जन-जन का प्रिय नेता बना दिया, जिससे उनकी स्मृति आज भी लोगों के दिलों में जीवंत है। आयोजन स्थल विद्यालय प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया है। कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, छात्रों के प्रेरक भाषण और सम्मान समारोह आयोजित है। क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में इसमें प्रतिभाग करेंगे। इस वर्ष के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर खास की विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना शामिल होंगी।

# शादी से किया इंकार कन्या पक्ष ने दूल्हे समेत परिजनों को बनाया बंधक

**जयमाल के बाद कार खरीदने के लिए मांगा था दहेजए पुलिस चैकी में दिनभर चली पंचायत**

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कटरा बलीपुर निवासी स्वर्गीय पंचम सरोज के पुत्र इंद्रजीत सरोजए जो उधरनपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक हैंए उनकी शादी अर्जुनपुर गांव निवासी श्रीराम सरोज की पुत्री नेहा से तय थी। रविवार को बारात रानीगंज कैथौला स्थित मैरिज हॉल में पहुंचीए जहां धूमधाम से द्वाराचार और जयमाल की रस्म पूरी हुई। लेकिन जयमाल के तुरंत बाद लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। कन्या पक्ष का आरोप है कि दूल्हा और उसके परिवार के लोग कार खरीदने के लिए दहेज की मांग करने लगे। आर्थिक असमर्थता जताते हुए कन्या पक्ष ने कार के लिए पैसा देने से इनकार किया। जिसके बाद इंद्रजीत ने शादी करने से ही इंकार कर दिया। स्थिति बिगड़ने पर कन्या पक्ष के लोगों ने दूल्हा समेत कुछ खास रिश्तेदारों को कमरे में बंद कर दिया। पूरी रात दूल्हा पक्ष उसी कमरे में बंद रहा। सोमवार सुबह मामला रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी पहुंचाए जहां पंचायत शुरू हुई और खबर लिखे जाने तक जारी रही। दोनों पक्ष लेनदेन व शादी में हुए कुल खर्च को समायोजित कर समझौते की कोशिश कर रहे हैं। चैकी प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि दोनों पक्ष आपसी सुलह की कोशिश कर रहे हैं। यदि समझौता नहीं होता और किसी पक्ष से तहरीर मिलती है तो प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लालगंज में आशनाई विवाद में सड़क पर दो युवकों में मारपीट

**प्रतापगढ़।** नगर के व्यस्त मार्ग पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जानकारी पर पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। तहरीर न मिलने पर दूसरे दिन शांति भंग में चालान कर दिया गया। लालगंज बाजार के तहसील मार्ग पर रविवार को शाम को आशनाई विवाद को लेकर दो युवकों के बीच मारपीट होने से अफरा.तफरी मच गई। मारपीट की सूचना पर पुलिस पहुंची और तत्काल दोनों को पकड़कर कोतवाली ले गयी। तहरीर नहीं मिलने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक अमेठी जिले के गौरीगंज क्षेत्र के रहने वाले हैं और वहीं के एक ही स्कूल में साथ पढ़ाते थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक युगल पूरे हरिकिशुन गांव के पास एक होटल से निकलकर लालगंज तहसील रोड स्थित दूसरे होटल में नाश्ता कर रहा था। इसी दौरान अचानक युवती का पति वहां पहुंच गया। गुस्से में उसने पहले अपनी पत्नी को पीटा और फिर उसके साथ बैठे युवक को खींचकर सड़क पर मारने लगा। लालगंज की प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि मारपीट की सूचना पर दोनों आरोपियों को कोतवाली लाया गया था। तहरीर न मिलने पर अगले दिन शांति भंग में चालान कर दिया गया।

# पीएम स्वनिधि योजना का उठाये लाभ, करायें आनलाइन आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया है कि जून 2020 में शुरू की गयी प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना ने प्रदेश के 1392 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को सफलता पूर्वक लाभान्वित किया गया है। केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने हाल ही में मार्च 2030 तक पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को मंजूरी दे दी है। इस योजना को अब वित्तीय समावेशन को व्यापक बनाने डिजिटल लेन देन अपनाने को बढ़ावा देने क्षमता निर्माण और वेण्डर्स और उनके परिवार को सामाजिक आर्थिक उत्थान को सुनिश्चित करके इसके प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए पुनर्गठित किया गया है। नगर पालिका परिषद/समस्त नगर पंचायतों मे प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना (पी0एम0स्वनिधि) योजना के अंर्तगत पथ विक्रेता, रेहड़ी, फेरी वालो को रुपए 15000 तक की कार्य करने हेतुऋण की सुविधा बैंको के माध्यम से प्रदान की जाती है। ऋण वापसी एक वर्ष मे 12 मासिक किस्तो के माध्यम से वापस करना होता है। किसी भी प्रकार की बैंक गारन्टी नही देय है। समय परध्समय से पहले ऋण वापसी करने पर 7 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी मिलेगी। डिजिटल लेनदेन करने पर 50-100 रुपए तक की मासिक कैशबैक मिलेगा, प्रथम ऋण समय से वापसी पर द्वितीय किश्त 25000 रुपए व द्वितीय किश्त वापसी पर तृतीय किश्त 50000 रुपए ऋण बैंको के माध्यम से प्रदान किया जाता है। प्रथम ऋण के नये आवेदन ऑनलाइन आवेदनों की ऋण स्वीकृति, डिजिटली इनएक्टिव वेण्डर्स, वेण्डर्स प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिंकेज को दृष्टिगत प्रत्येक नगर निकायों में प्रत्येक दिवस लक्ष्य निम्नवत निर्धारित किया जाता है। उन्होने बताया है कि नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ में प्रत्येक दिवस 10 प्रथम ऋण के नये आवेदन ऋण स्वीकृति वेण्डर्स प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिकेज का लक्ष्य, प्रत्येक नगर पंचायत में प्रत्येक दिवस 5 प्रथम ऋण के नये आवेदन ऋण स्वीकृति वेण्डर्स प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिकेज का लक्ष्य है। प्रोफाइलिंग में छूटे हुये वेण्डर्स एवं उनके परिवार के सदस्यों की प्रोफाइलिंग एवं स्कीम लिंकेज कराना। पीएम स्वनिधि योजना का लाभ समस्त नगर निकाय में संचालित हैं, वेण्डर्स अपना आनलाइन आवेदन नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ एवं नगर पंचायत प्रतापगढ़ मे करा सकते हैं।

## स्टोर किये गये आलू को 15 दिन के भीतर न उठाने पर किरायादाता व कृषक को नोटिस दे

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि जनपद में संचालित निजी शीतगृहों में भण्डारित आलू के निकासी का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। उन्होने बताया है कि वर्तमान में जनपद के निजी शीतगृहों में आलू भण्डारण की अवधि 15 फरवरी से 30 नवम्बर तक निर्धारित है जिससे कि किसानों को शीतगृहों से भण्डारित आलू की निकासी हेतु पर्याप्त अवसर मिल सके। उ0प्र0 कोल्ड विनियमन अधिनियम-1976 में यह व्यवस्था निर्धारित है कि किरायादाता/ कृषक कोल्ड स्टोरेज में स्टोर किये गये माल को रसीद में उसके लिए विनिर्दिष्ट दिनांक से, पन्द्रह दिन की अवधि के भीतर न उठाये तो लाइसेन्सधारी/ शीतगृह स्वामी द्वारा किरायादाता/ कृषक को तुरन्त उसका नोटिस देगा, जिसमें उससे (किरायादाता/ कृषक) सम्यक रूप से उन्मोचित रसीद अभ्यर्थित करने और लाइसेन्सधारी/ शीतगृह स्वामी को देय समस्त प्रभार का भुगतान करने के पश्चात माल को तुरन्त उठाने की अपेक्षा की जायेगी और ऐसे नोटिस की एक प्रति लाइसेन्स अधिकारी/ जिलाधिकारी को भेजेगा। यदि किरायादाता/कृषक नोटिस का पालन उसे तामील किये जाने के दिनांक से सात दिन की अवधि के भीतर न करे वहां लाइसेन्सधारी/ शीतगृह स्वामी माल को कोल्ड स्टोरेज से हटवा सकता है और उसे किरायादाता/ कृषक के खर्च और जोखिम पर सार्वजनिक नीलाम द्वारा बिकवा सकता है, परन्तु लाइसेन्सधारी/ शीतगृह स्वामी लाइसेन्स अधिकारी/ जिलाधिकारी को ऐसी बिक्री की सूचना बिक्री के कम से कम अड़तालीस घण्टे पूर्व देगा और लाइसेन्स अधिकारी/ जिलाधिकारी ऐसी बिक्री का पर्येक्षण या तो स्वंय या अपने द्वारा उस निर्मित प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से करेगा। उन्होने कहा कि उ0प्र0 कोल्ड विनियमन अधिनियम-1976 में निर्धारित उक्त व्यवस्था का सम्बन्धित द्वारा अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

# टीएससीटी कन्यादान योजना की हुई शुरूआत 15 शिक्षक लाभार्थियों को मिला चेक

**प्रतापगढ़।** टीएससीटी (टीचर्स सेल्फ केयर टीम) द्वारा संचालित कन्यादान योजना का शुभारम्भ नगर के सगरा स्थित वीएस मेमोरियल स्कूल में किया गया। योजना के 15 शिक्षक लाभार्थियों को कार्यक्रम में उनकी पुत्रियों के विवाह हेतु 55-55 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 8,25,000 की धनराशि लाभार्थियों को वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन टीचर्स सेल्फ केयर टीम प्रतापगढ़ द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता संयोजक राजेश कुमार मौर्य ने किया। टीएससीटी के जिला आईटी सेल प्रभारी भूपेन्द्र ने बताया कि यह योजना सदस्यों के लिए चलाई जा रही पिछली सफल योजनाओं, जैसे मृत्यु उपरांत परिजनों की सहायता और बीमार सदस्यों के इलाज के लिए जीवनदान योजना के बाद शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि सदस्य, जिनकी अपनी बेटी हो या न हो, मात्र एक रुपए का सहयोग देकर साथियों की बेटियों को आशीर्वाद दे सकते हैं। योजना का शुभारम्भ नगर के वीएस मेमोरियल स्कूल में किया गया। इस दौरान कन्यादान योजना के अंतर्गत मंगरौरा ब्लॉक से मुकेश कुमार दुबे, लालजी वर्मा, गोविंद प्रसाद मिश्र, जितेन्द्र बहादुर यादव, लल्लू प्रसाद, ज्ञान्ती देवी, शिवगढ़ ब्लॉक से महनाज बानो, सुरेश कुमार विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह, आसपुर देवसरा ब्लॉक से लालसाहब सिंह, सांगीपुर से प्रभा मिश्रा एवं संतोष कुमार तिवारी, बाबा बेलखरनाथ धाम से राजेंद्र पटेल, मांधाता से दिनेश कुमार तथा रामपुर संग्रामगढ़ से विनोद कुमार को 55-55 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। सभी लाभार्थी शिक्षकों ने टीएससीटी के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्य एवं संपूर्ण टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस योजना को शिक्षक समाज के लिए अनुकरणीय पहल बताया। कार्यक्रम का समापन सामाजिक सहयोग, समर्पण एवं सेवा भावना के संदेश के साथ हुआ। इस मौके पर टीएससीटी के जिला आइटी सेल प्रभारी भूपेंद्र, जिला सहसंयोजक जय प्रकाश मौर्य, राजकुमार विश्वकर्मा, विवेक जायसवाल, गिरिजा शंकर मिश्र, अंजू बाला, अनीता कुमारी, अनुज प्रताप सिंह, प्रवक्ता विनोद कुमार शर्मा, सदर तहसील प्रभारी सन्तोष सिंह, नगर क्षेत्र संयोजक सुधीर सिंह, सदर संयोजक शारदा प्रसाद विश्वकर्मा बाबागज से जय कुमार गौड़, गौरा से अजय कुमार मिश्रा, विहार से राहुल श्रीवास्तव, रामपुर संग्रामगढ़ से मनोज कुमार यादव, मान्धाता से संजय पाण्डेय सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## बदमाशों ने दुकान में लूटपाट के बाद लगाई आग

**प्रतापगढ़।** कोहड़ौर थाना क्षेत्र के मौहरिया पूरब पट्टी गांव के रहने वाले आकाश मौर्य ने कांधरपुर चैकी से करीब 200 मीटर की दूरी पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकानखोल रखी है । बीती शाम वह दुकान का ताला बंद कर घर चला गया। रात में बेखौफ अज्ञात बदमाशों ने उनके दुकान के पीछे लगे दरवाजे को तोड़कर दुकान में जमकर लूटपाट की और लाखों रुपए का कीमती सामान लेकर फरार हो गये। दुकान में लूटपाट करने के बाद बेखौफ बदमाशों ने दुकान में आग लगा दिया। जिससे दुकानदार का लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस चैकी से महज कुछ ही दूरी पर बदमाश घटना को अंजाम देते रहे और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह दुकान खोलने पहुंचे आकाश को घटना की जानकारी होने पर कोहंडौर पुलिस को तहरीर दी।

# नहर में पानी नहीं आने से बढ़ी किसानों की चिंता

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** शारदा सहायक खंड-51 नहर में लंबे समय से पानी न आने के कारण पट्टी तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसान भारी संकट से जूझ रहे हैं। पानी के अभाव में गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है। जिससे किसानों में मायूसी और नाराजगी देखी जा रही है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के शीतलागंज, सोनाही, उडैयाडीह, दोनई, गजरिया और बडारी गांव से होकर गुजरने वाली इस नहर में पानी न पहुंचने से खेत सूखे पड़े हैं। किसान समय पर बुवाई नहीं कर पा रहे हैं, जबकि मौसम अनुकूल होने के बावजूद सिंचाई के अभाव में फसल पिछड़ती जा रही है।किसानों ने अधिकारियों से पानी छोड़े जाने की मांग की। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के कई किसानों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।धर्मेंद्र सिंह (पूर्व प्रधान), राम अवध, रमाशंकर पाठक, मनोज कुमार सिंह, शिवमूर्ति प्रजापति सहित दर्जनों किसानों ने नहर में जल्द से जल्द पानी छोड़े जाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो गेहूं की पूरी फसल पर संकट मंडरा जाएगा। जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

## योजनाओं की जानकारी हेतु चलाया जायेगा जागरूकता शिविर

**प्रतापगढ़।** जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड की विपणन विकास सहायता योजना (एस0सी0एस0पी0) के अन्तर्गत विभाग में संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु प्रत्येक तहसील के अन्तर्गत ब्लाक मुख्यालय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया है कि जागरूकता शिविर का आयोजन ब्लाक सदर के ग्राम पंचायत नौबस्ता में दिनांक 12 दिसम्बर, विकास खण्ड बिहार परिसर में 17 दिसम्बर, विकास खण्ड लक्ष्मणपुर परिसर में 19 दिसम्बर तथा ब्लाक पट्टी के ग्राम पंचायत बेसार में 24 दिसम्बर को किया जायेगा।

# डीएम ने की कृषि विभाग एवं कृषि एलाइड विभागों की योजनाओं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

अखंड भारत संदेश





**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल ने उदयन सभागार में कृषि विभाग एवं कृषि एलाइड विभागों की योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक से मृदा स्वास्थ्य कार्ड में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि मृदा विश्लेषण एवं मृदा कार्ड के वितरण में प्रगति लायी जाय। उन्होंने एफ.पी.ओ. की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक से कहा कि कार्ययोजना बनाकर एफ.पी.ओ. को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने ए-आर-कोआपरेटिव को जनपद में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कालाबाजारी की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होंने परम्परागत कृषि विकास योजना, एग्री जंक्शन, पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने पं0दी.द.उ. किसान समृद्धि योजना एवं खेत तालाब योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर भूमि संरक्षण अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी को विभागीय योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को जनपद स्तरीय अधिकारियों/खण्ड विकास अधिकारियों से भूमि संरक्षण विभाग द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पी.एम.एफ.एम.ई योजना एवं एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी ने की खाद्य एवं रसद विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल ने उदयन सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने रिक्त उचित दर दुकानों की समीक्षा के दौरान जिलापूर्ति अधिकारी से कहा कि नियमानुसार 04 रिक्त दुकानों की नियुक्ति की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि ई.के.वाई.सी. एवं आधार सीडिंग में शत-प्रतिशत प्रगति तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में शेष मॉडल शापों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके सभी मॉडल शापों की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाय।जिलाधिकारी ने धान खरीद की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे से कहा कि पारदर्शी तरीके से धान खरीद करते हुए लक्ष्य 60 हजार मीट्रिक टन के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित समयावधि में किसानों को भुगतान सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी से कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर बिचौलियों की सक्रियता पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाय।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस कर्मियों हेतु स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार शिविर का हुआ आयोजन

**कौशांबी** पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में रविवार को वामा सारथी के सौजन्य से पुलिस कर्मियों हेतु स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया।प्रातः 09:00 बजे से 13:00 बजे तक आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में होमियोपैथी चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 202 व्यक्तियों ( पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ) का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श, दवा एवं उपचार प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिवारिजनों के स्वास्थ्य संरक्षण, तनाव प्रबंधन एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देना रहा। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग कर लाभ प्राप्त किया इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय एवं प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन देवपाल मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने स्थायी गौ-आश्रय स्थल कादिराबाद का किया निरीक्षण

**सी.वी.ओ. को गौशाला में भूसा-चारा की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही गोवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश, सचिव, ग्राम पंचायत से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज स्थायी गौ-आश्रय स्थल, कादिराबाद का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से संरक्षित गोवंशों की संख्या, गौशाला की क्षमता व केयर टेकरों की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि गौशाला में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने गौशाला में गोवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सचिव, ग्राम पंचायत से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सचिव, ग्राम पंचायत को गौशाला में मानक के अनुरूप तिरपाल लगाने, हैलोजन लाइट लगाने एवं टूटे हुए शेड को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में बनाये गये खाद गड्ढे को व्यवस्थित तरीके से क्रियान्वित कराने के भी निर्देश दिए जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गौशाला में संरक्षित गोवंशो के सम्वर्धन के लिए किसी संस्था से पार्टनरशिप करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टॉक पंजिका आदि के अवलोकन के दौरान सूचनाएं अपडेट न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कार्यशैली में सुधार लाते हुए कार्यों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गौशाला में भूसा-चारा आदि की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही गोवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सहभागिता योजना के तहत सुपुर्दगी में दिए गए गोवंशो की जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर से कूदा कुचलकर मौत

**पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुराहाल**

अखंड भारत संदेश



**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के भावापुर तिलगोड़ी नरवा स्टेडियम के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर से कूद गया है जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे कुचल गया उसके ऊपर से पूरा ट्रैक्टर निकल गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ट्रैक्टर चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल भेजा है जहां डॉक्टर से उसे मृतक घोषित कर दिया है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक गौतम उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र बलवंत निवासी गोदापुर गौरा के ईट भट्ठा का ट्रैक्टर चलाता है सोमवार को ट्रैक्टर लेकर के डीजल लेने वह पेट्रोल पंप गया था और डीजल लेकर के वह वापस ईट भट्ठा गौरा जा रहा था जैसे ही ट्रैक्टर चालक सराय अकिल थाना क्षेत्र के भावापुर तिलगोड़ी नरवा स्टेडियम के पास पहुंचा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया जिससे अपने को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर से कूद गया लेकिन दुर्भाग्य ने उसका पीछा नहीं छोड़ा और ट्रैक्टर चालक के ऊपर ट्रैक्टर चढ़कर निकल गया और आगे जाकर ट्रैक्टर पलट गया इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई ट्रैक्टर चालक को इलाज के लिए सीएचसी चायल अस्पताल भेजा गया है जहां डॉक्टर ने उसे मृतक घोषित कर दिया है मृतक की 5 साल पहले शादी हुई थी और एक डेढ़ साल का छोटा बच्चा है पत्नी और बच्चे का रो रो कर हाल बेहाल है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### मुख्य विकास अधिकारी ने वृद्धजनों को गर्म वस्त्र किया प्रदान



**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने जनपद में संचालित वृद्धाश्रम, ओसा में वृद्धजनां कोए गर्म वस्त्रों का वितरण किया। उन्होंने बुजुर्गो से आश्रम में मिल रहीं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और आश्रम के प्रबन्धक आलोक राय को निर्देशित किया कि आश्रम में रह रहें वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाये मुख्य विकास अधिकारी ने आश्रम में रह रहें वृद्धजनों से ठण्ड से बचाव एवं स्वास्थ्य शिविर के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिस पर वृद्धजनों द्वारा बताया गया कि शीतलहर के दृष्टिगत वृद्धाश्रम में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध रहती है एवं समय से नास्ता व भोजन आदि भी उपलब्ध कराया जाता है तथा प्रत्येक मंगलवार को सीएमएस एवं उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर स्वास्थ्य का चेक-अप करते हुए आवश्यकतानुसार दवाईयॉ उपलब्ध कराई जाती हैं।मुख्य विकास अधिकारी ने प्रबन्धक आलोक राय के इस पुनित कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बुजुर्गो की सेवा से बड़ी, सेवा कुछ भी नहीं है।

### पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा दिनांक 08.12.2025 को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई।इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

### वारण्टी अभियुक्त को थाना कड़ाधाम पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0734/2018 धारा 354/323/504/506 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्ता कौशल्या देवी पत्नी स्वर्गीय फूलचंद पटेल निवासिनी बुखारी थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# आलू लाद कर जा रहे ट्रक चालक ने खुद सड़क किनारे पलटाया ट्रक

**बाइक सवार दो लोग काफी दूर से कर रहे थे ट्रक चालक का पीछा समझ में नहीं आया रहस्य**

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशाम्बी।** फतेहपुर की तरफ से आलू लाद कर मुंडेरा मंडी की ओर जा रहे ट्रक चालक ने मअचानक कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल के पास चालक ने खुद अपने ट्रक को सड़क किनारे पलटा दिया है जिससे ट्रक में लदा आलू चारों तरफ बिखर गया है ट्रक चालक ने खुद ट्रक को क्यों पलटाया है या रहस्य बरकरार है और लोगों को नहीं समझ में आ रहा है कि चालक ने किस साजिश के तहत ट्रक को पलटाया है। बताते चलें कि फतेहपुर की तरफ से आलू लादकर एक ट्रक प्रयागराज के मुंडेरा मंडी की ओर जा रहा था काफी दूर से इस ट्रक का बाइक सवार दो लोग पीछा कर रहे थे बाइक सवार क्यों ट्रक का पीछा कर रहे थे यह स्पष्ट नहीं हो सका है जैसे ही ट्रक कोखराज थाना क्षेत्र में पहुंचा वह कुछ देर रुका फिर वापस लौट कर मलाक भायल में पहुँचा और सर्विस रोड के बगल में बनी हुई नाली में ट्रक को कूदा दिया जिससे ट्रक सर्विस रोड में पलट गया गलिमत यह रही कि कोई भी राहगीर नही था नही तो बढ़ी घटना हो सकती थी कोखराज पुलिस को सूचना मिलते ही मौके से पहुँची पुलिस ने मौके से ट्रक ड्राइवर राजा को पकड़ कर थाने ले गयी जिससे पूछताछ चल रही हैं ट्रक चालक का नाम राजा बताया जा रहा है जो क्षेत्रीय बताया जाता है अभी मामले की पुलिस के द्वारा छान बीन चल रही है कि आखिर ट्रक का पीछा करने वाले आखिर कौन लोग है यह अभी स्पस्ट नही हो सका।

# कौशाम्बी के सभी थानों की पुलिस टीम द्वारा भिन्न-भिन्न कम्पनियों के कुल 83 मोबाइल किया बरामद

**अनुमानित कीमत 20 लाख रूपए रिकवर कर मोबाइल स्वामियों को पुलिस ने लौटाए मोबाइल**



**कौशांबी।** सीईआईआर सेन्ट्रल इक्वीपमेंट आईडेंटीटी रजिस्टर पोर्टल पर जनपद कौशाम्बी के विभिन्न थानों पर मोबाइल चोरी, स्नेचिंग व मोबाइल खोने आदि की प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनपद कौशाम्बी के समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस एवं मेनुअल इनपुट की सहायता से भिन्न-भिन्न कम्पनियों के कुल 83 मोबाइल जिनकी अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रू0 है, की बरामदगी की गई है । थानों पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर व सीसीटीएनएस पुलिस टीम द्वारा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया । बरामद किये गये मोबाइल फोन को उनके स्वामियों की पहचान कर प्रदान किये गये हैं। अवगत कराना है कि सी ई आई आर (सेन्ट्रल इक्वीपमेंट आईडेंटीटी रजिस्टर) पोर्टल एक केन्द्रीकृत सिटीजन पोर्टल है, जिसकी सहायता से चोरी हुए, खोए हुये अथवा छीने गये मोबाइल फोन को ट्रैक किया जा सकता है । आम जनता द्वारा स्वयं ही अपने मोबाइल खोने, चोरी होने आदि की सूचना ऑनलाइन सी ई आई आर की वेवसाइट पर दर्ज की जा सकती है । इसी प्रकार मोबाइल चोरी व खो जाने के सम्बन्ध में थानों पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों को उएक्क्र पोर्टल पर दर्ज कर ट्रैक किया जाता है । इस प्रकार पूरे भारत वर्ष में कहीं भी मौजूद मोबाइल फोन को आवश्यकता अनुसार सम्बन्धित थानों को सूचित करते हुये बरामद करके मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया जाता है। सर्वाधिक फोन बरामद करने वाले थानों में प्रथम स्थान, थाना सराय अकिल ने 16 मोबाइल वा द्वितीय स्थान थाना कडाधाम ने 11 मोबाइल व तृतीय स्थान थाना कोखराज ने11 मोबाइल बरामद किया है जिस पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा उत्साहवर्धन हेतु 5000-5000 रुपए के नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# कौशाम्बी के डीएलएसए सचिव एवं पराविधिक स्वयं सेवक हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित संवर्धन कार्यक्रम**

**ममता दिवाकर और अमरदीप दिवाकर को मिला सर्वश्रेष्ठ पराविधिक स्वयं सेवक सम्मान**




**कौशांबी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार दिनांक 8 दिसंबर 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर के तत्वावधान में जनपद फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी एवं प्रतापगढ़ के परविधिक स्वयं सेवक (पीएलवीज) हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम संवर्धन का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार में किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दीप प्रज्वलन व अतिथियों को बुके भेंटकर स्वागत से हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फतेहपुर सुधीर कुमार पंचम के उद्बोधन से हुई। ततपश्चात चार तकनीकी सत्रों में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा पराविधिक स्वयंसेवकों को केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा संचालित योजनाओं, आशा, साथी, जागृति, कारा, पॉक्सो अधिनियम, पॉश एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बांदा, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी, फतेहपुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी फतेहपुर, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, बाल कल्याण समिति कौशाम्बी और फतेहपुर के सदस्यों, सखी वन स्टॉप सेंटर से मनोवैज्ञानिक मोहिनी साहू आदि द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया। अंतिम सत्र में सभी जनपदों के सर्वश्रेष्ठ पीएलवीज राम प्रकाश पाण्डेय, सुमन शुक्ला, अमरदीप दिवाकर आदि ने पीएलवीज के द्वारा किए गए कार्यों के दस्तावेजी करण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। समापन सत्र में कौशाम्बी, फतेहपुर और बांदा के सचिव गण द्वारा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी जनपदों के 2 श्रेष्ठ पीएलवी को सम्मानित किया गया। कौशाम्बी से पीएलवीज ममता दिवाकर और अमरदीप दिवाकर को जनपद न्यायधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर के द्वारा सर्वश्रेष्ठ परा विधिक स्वयं सेवक मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया इस संवर्धन कार्यक्रम में उपरोक्त जनपदों से सैकड़ों पीएलवीज ने सहभागिता कर ज्ञान और कौशल में अभीवृद्धि की जिससे वे अधिक कुशल और समर्थित कार्यबल के रूप में बेहतर संगठनात्मक प्रदर्शन कर सकें। जनपद न्यायाधीश द्वारा कहा गया कि प्रशिक्षण एक ऐसा निवेश है जो विभाग के कार्यबल को सशक्त बनाता है और संगठन को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएलवीज को प्रभावी ढंग से काम करने में सक्षम बनाएगा जिससे उनके कार्यकुशलता में भी अभिवृद्धि होगी। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और सैकड़ों की संख्या में पीएलवीज उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी ने दिया है।

# अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**मॉडल तालाब को सुव्यवस्थित तरीके से विकसित करने के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने नगर पालिका परिषद, मंझनपुर द्वारा ओसा रोड पर निर्मित कराये जा रहें मॉडल तालाब का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी, मंझनपुर ने जिलाधिकारी को बताया कि फर्म के ब्लैक लिस्ट हो जाने के कारण, कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। नगर निकाय के बोर्ड बैठक में अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने के लिए प्रस्ताव रखा गया था, जो अनुमोदित हो गया है जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को टेण्डर का कार्य कराकर अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने एवं मॉडल तालाब को सुव्यवस्थित व आकर्षक ढंग से विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्मित कराये जा रहें पक्का तालाब के बगल में स्थित नाली की साफ-सफाई ठीक ढंग से न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## सम्पादकीय

### लोक शिक्षण के लिए समर्पित : पन्नालाल सुराणा

**पन्नालाल** सुराणा, सादगी, ईमानदारी, आदर्श की मिसाल थे। लिंगराज भाई ने बताया कि वे पूरे देश में घूम-घूमकर युवाओं को प्रशिक्षित करते रहते थे। इसके लिए लिखना और पढ़ना जीवनभर करते रहे। उन्होंने कुछ समय पत्रकारिता भी की और एक समाचार पत्र के संपादक भी थे। ऐसे लोगों से यह भी सीखा जा सकता है कि कार्यकताओं का जीवन कैसा होना चाहिए।

हाल ही में महाराष्ट्र के जाने-माने समाजवादी पन्नालाल सुराणा का निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे। वे एक ऐसे समर्पित व प्रतिबद्ध समाजवादी थे, जिन्होंने आदर्शवादी जीवन जिया। पूरे देश भर में घूम-घूमकर लोक शिक्षण करते रहे और कई किताबें भी लिखीं।

मुझे एक बार ही उन्हें सुनने का मौका मिला, जब हमारे कस्बे पिपरिया में आए थे। वहां एकलव्य संस्था के पुस्तकालय में एक छोटी गोष्ठी हुई थी, उसमें उनके विचार जानने को मिले। लेकिन मैं उनके बारे में कई लोगों से सुनता रहा हूं।

पिछले कुछ महीनों से मैं ओडिशा के बरगढ़ शहर में हूं और यहां समता भवन में मेरा प्रवास है। यह समता भवन, प्रख्यात समाजवादी किशन पटनायक की याद में बना है। किशन पटनायक की पहल पर वर्ष 1995 में समाजवादी जन परिषद की स्थापना हुई थी, उससे भी पन्नालाल सुराणा जुड़े रहे हैं। वे राष्ट्र सेवा दल के भी पूर्व अध्यक्ष थे।

कल सामाजिक कार्यकर्ता लिंगराज भाई से पन्नालाल सुराणा के बारे में बात हो रही थी, तो उन्होंने बताया कि वे कई बार पन्नालाल सुराणा से मिले हैं। बैठकों और कार्यक्रम में साथ रहे हैं। उनके द्वारा लातूर भूकंप से पीड़ित बच्चों के लिए बनाए गए आपलां घर ( अपना घर) में भी गए हैं। इस भूकंप में बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे और भारी तबाही हुई थी। सुराणा जी ने भूकंप पीड़ित बच्चों के लिए घर बनाया है, यहां बच्चों का शिक्षण व पालन-पोषण होता है।

उन्होंने बताया कि वे आजादी आंदोलन के समय के बहुत ही समर्पित समाजवादी थे। किशन पटनायक, सुरेन्द्र मोहन, भाई वैद्य सभी एक ही पीढ़ी के थे। इन्होंने आजादी आंदोलन से लेकर जीवनपर्यंत तक देश को बनाने, युवाओं का शिक्षण करने और देश भर घूम-घूम कर लोगों को जगाने का काम किया। जीवन भर विचारों के लिए समर्पित रहे। वे बताते हैं कि किशन पटनायक के साथ वे कई बार महाराष्ट्र गए हैं और भाई वैद्य, जी.जी.पारिख, भाई वैद्य से मिलते रहे हैं।

लिंगराज भाई बताते हैं कि महाराष्ट्र में सामाजिक कामों की लम्बी परंपरा है। उन्होंने इस संदर्भ हाल ही समाजवादी दिवंगत जी.जी. पारिख को भी याद किया। जिन्होंने युसूफ मेहर अली केन्द्र के माध्यम से कई रचनात्मक काम किए। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में रचना और संघर्ष की महत्वपूर्ण परंपरा रही है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में सामाजिक कार्यकताओं के जीवकोपार्जन के लिए सहयोग की भी परंपरा है। ऐसे कार्यकर्ता, जो समाज कार्य में अपना समय लगाते हैं, यानी पूरावक्ती कार्यकर्ता होते हैं, उन्हें सहयोग देने में यह राज्य अग्रणी रहा है। वहां ऐसी कई संस्थाएं व समूह हैं, जो ऐसा सहयोग देते रहे हैं।

# बड़ी कंपनियों के मुनाफे के लिए बनाया गया दवा बाजार

आर. सूर्यमूर्ति

**हर** देश आखिरकार यह तय करता है कि हेल्थकेयर एक अधिकार है या कमाई का जरिया। भारत ने बहुत लंबे समय तक यह दिखाने की कोशिश की है कि वह दोनों हो सकता है। कमेटी ने आखिरकार इस धोखे का पदार्फाश कर दिया है। अब यह सरकार पर है कि वह टूटी हुई मूल्य निर्धारण व्यवस्था में सुधार करेगी- या उस इंडस्ट्री को बचाती रहेगी जिसने नियामक कमजोरी को आर्थिक हक समझ लिया है।

किसी भी मायने में, भारत बीमार लोगों के लिए दुनिया की सबसे सस्ती जगह होनी चाहिए। यह जेनेरिक दवाओं का दुनिया का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। फिर भी आम भारतीयों के लिए, असल अनुभव इसके उलट हैः एक हेल्थकेयर सिस्टम जहां एक साधारण बुखार की दवा की कीमत उसकी आपूर्ति की कीमत से छह गुना, गैस्ट्रिक की गोली की कीमत दस गुना, और एक जान बचाने वाली कैंसर की दवा की कीमत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उसकी छपी हुई 'अधिकतम खुदरा कीमत' से लगभग 80 प्रतिशत कम हो सकती है। यह साफ है कि इस बाजार को इलाज तक जनता की पहुंच और उनकी खर्च वहन करने की क्षमता के अनुरूप नहीं, बल्कि उनका दोहन कर भारी लाभ अर्जित करने के अनुरूप बनाया गया है। केमिकल्स और फर्टिलाइजर्स पर स्टैंडिंग कमिटी की ताजा रिपोर्ट अपने डायग्नोसिस में बहुत सख्त है, परन्तु अभी भी उसमें पर्याप्त कठोरता नहीं है। कमिटी ने उस बात को बहुत ध्यान से दस्तावेज के रूप में रिकार्ड किया है जो मरीज दशकों से जानते हैंः कि भारत की दवाओं की मूल्य निर्धारण प्रणाली दवा निमार्ता कंपनियों के लिए एक खुला मैदान है, खासकर उन बहुराष्ट्रीय बड़ी कंपनियों के लिए जिनके ब्रांडेड जेनेरिक उस श्रेणी की दवाओं पर हावी हैं जिन पर लोग हर दिन भरोसा करते हैं। कमिटी लिखी गयी कीमतों को 'अतार्किक,' 'बहुत ज्यादा,' और 'जनहित के खिलाफ' कहती है। यह तो ठीक है। असलियत इससे भी बुरी हैः पूरी प्रणाली निर्धारित मूल्य मुद्रास्फीति, नियामक की अनुपस्थिति, और एक राजनीतिक प्रतिष्ठान पर बना है जो एक ऐसे उद्योग का सामना करने को तैयार नहीं है जो बिना किसी सजा के बहुत ज्यादा सहजता से काम कर रही है।

रिपोर्ट में दिए गए नंबर चौंकाने वाले हैं। 21 रुपये की एमआरपी वाली एक आम एंटीहिस्टामाइन टैबलेट एक स्टॉकिस्ट को मात्र 1 रुपये 85 पैसे में दी जाती है– जो 1,038 प्रतिशत है। एक स्टैंडर्ड एसिड-रिफ्लक्स दवा जिसकी कीमत 170 रुपये है, डिस्ट्रीब्यूटर को मात्र 13.95 रुपये की पड़ती है, जो 1,119 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एक आम तौर पर लिखी जाने वाली कैल्शियम सप्लीमेंट की कीमत में तो हद हो गयी हैः 16.95 रुपये की आपूर्ति कीमत के मुकाबले एमआरपी 327 रुपये है, यानी 1,831 प्रतिशत का मार्जिन। ये कभी-कभार होने वाली गड़बड़ियां नहीं हैं; ये बिज?स मॉडल है। कमेटी ने एलर्जी, गैस्ट्रो, विटामिन, कार्डियोवैस्कुलर और बच्चों की दवाओं में भी ऐसी ही गड़बड़ियां पाईं- दूसरे शब्दों में, ये भारत की दवाइयों की टोकरी का दिल हैं। सबसे ज्यादा ज्यादतियां ऑन्कोलॉजी में दिखती हैं- जहां दांव सचमुच जिंदगी और मौत का होता है। कैंसर की एक दवा, जिसका एमआरपी 38,215 रुपये है, ऑनलाइन 9,200 रुपये में बिकती है। दूसरी, जिसकी आनलाइन उपलब्ध लिस्ट पर मूल्य 45,000 रुपये है, रिटेल में 8,800 रुपये में मिलती है। दुनिया का कोई भी भरोसेमंद मूल्य निर्धारण इकोसिस्टम इतना ज्यादा अंतर नहीं दिखाता, जब तक कि मूल कीमत को बनावटी तौर पर न बढ़ाया जाए। कमेटी, जो आमतौर पर अपनी भाषा को लेकर सावधान रहती है, यहां




ईमानदारी से कहती हैः 'ये एमआरपी ज्यादा ट्रेड मार्जिन को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं।' जब कोई मरीज परेशान होता है, जब परिवार किसी को जिंदा रखने के लिए अपनी संपत्ति बेच रहे होते हैं या अपनी बचत खर्च कर रहे होते हैं, तो कंपनियों को पता होता है कि वे बिना किसी नतीजे के कीमतें बढ़ा सकती हैं। फिर सरकार, जो इस पैटर्न को पूरी तरह जानती है, नज?अंदाज कर देती है। ऐसा नहीं है कि भारत में दखल देने के लिए कानूनी ढांचा नहीं है। उसके पास एनपीपीए है, जो एक मूल्य नियंत्रक है; ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) ऑर्डर है, जो एक कानूनी ढांचा है; और सस्ती दवाओं के लिए एक घोषित राष्ट्रीय वायदा है। लेकिन उसके पास हिम्मत नहीं है। एनपीपीए एक बिना दांत वाला वॉचडॉग है। यह दवा उत्पादन लागत का ऑडिट नहीं कर सकता। यह कॉस्ट शीट की मांग नहीं कर सकता। यह ट्रेड मार्जिन के खुलासे को जरूरी नहीं कर सकता। यह किसी भी नॉन-शेड्यूल्ड दवा की लॉन्च प्राइस को नियंत्रित नहीं कर सकता– जो एक ऐसी श्रेणी है जो आसानी से भारत के दवा बाजार के 85 प्रतिशत से ज्यादा हिस्से में छाया रहता है। इस बीच, सरकार जन औषधि को जनता की क्रय शक्ति की पहुंच में रखने की अपनी प्रतिबद्धता के सुबूत के तौर पर पेश करती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। जन औषधि नीति की जीत नहीं बल्कि उसका दोष है। जब वही मॉलिक्यूल सरकारी दुकान पर 12 रुपये में बिकता है जिसे कोई मल्टीनेशनल कंपनी 170 रुपये में बेचती है, या जब कोई सप्लीमेंट जो सरकारी फामेर्सी में 40 रुपये में बिकता है, उसकी कीमत ब्रांडेड लेबल के तहत 327 रुपये हो, तो नतीजा साफ हैः बहुत ज्यादा एमआरपीन तो स्वाभाविक हैं और न ही जरूरी। लेकिन उनकी इजाजत है। अस्पताल इन नियंत्रित कीमतों के ऊपर जीएसटी, प्रोसिजरल फीस और 'पैकेज चार्ज' लगा रहे हैं, और चुपचाप उसी बोझ को फिर से बढ़ा रहे हैं जिसे खत्म करने के लिए कानून बनाया गया था। जब दखल प्रतीकात्मक हो जाता है, तो मुनाफाखोरी ढांचागत हो जाती है। असली दुखद बात यह है कि सरकार ट्रेड मार्जिन रैशनलाइजेशन पर पूरी तरह से फेल है। जब टीएमआर को कुछ समय के लिए 42 कैंसर दवाओं पर लागू किया गया, तो एमआरपी50 प्रतिशत तक गिर गए। मरीजों ने एक साल में लगभग 984 करोड़ रुपये बचाए। जब महामारी के दौरान कुछ मेडिकल डिवाइस पर टीएमआर लागू किया गया, तो इससे और 1,000 करोड़ रुपये की बचत हुई। फिर भी टीएमआर पांच साल से रुका हुआ है, मल्टीनेशनल मैन्युफैक्चरर्स और उनके घरेलू सहयोगियों के भारी असर वाले कंसल्टेशन में फंसा हुआ है। कमेटी इस सच्चाई का सीधे तौर पर नाम नहीं लेती है, लेकिन इंसेंटिव्स को समझने के लिए किसी फोरेंसिक ऑडिटर की जरूरत नहीं है। भारत एक ग्लोबल फार्मा पावरहाउस बनने के लिए पागल है, लेकिन अगर वह अपने देश में प्राइसिंग पावर के गलत इस्तेमाल का सामना करने से इनकार करता है, तो वह एक ही समय में दुनिया का आपूर्तिकर्ता और अपनी आबादी का रक्षक नहीं हो सकता।

यह उलटापन बहुत अजीब हैः भारत 200 से ज्यादा देशों को कम कीमत वाली जेनेरिक दवाएं सप्लाई करता है, लेकिन उसके अपने नागरिक अक्सर उन्हीं मॉलिक्यूल्स के लिए कहीं ज्यादा पैसे देते हैं। देश अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और साउथ-ईस्ट एशिया में सस्ती दवाइयां निर्यात एक्सपोर्ट करता है, जबकि घरेलू डिस्ट्रीब्यूटर और रिटेलर को ऐसे मार्जिन कमाने की इजाजत देता है जिन्हें उन्हीं देशों में अनैतिक माना जाएगा - अगर गैर-कानूनी नहीं तो। भारत के पास दवा की कीमतों पर डेटा की कमी नहीं है- उसके पास फैसले लेने की कमी है। यह शर्म की बात है कि कैंसर की दवाओं की कीमतें लग्ज?ी चीजों की तरह हैं। यह भी शर्म की बात है कि बहुत ज्यादा एमआरपीइसलिए बनी हुई हैं क्योंकि पॉलिसी बनाने वाले मरीज का पक्ष लेने से इनकार करते हैं। हर देश आखिरकार यह तय करता है कि हेल्थकेयर एक अधिकार है या कमाई का जरिया। भारत ने बहुत लंबे समय तक यह दिखाने की कोशिश की है कि वह दोनों हो सकता है। कमेटी ने आखिरकार इस धोखे का पदार्फाश कर दिया है। अब यह सरकार पर है कि वह टूटी हुई मूल्य निर्धारण व्यवस्था में सुधार करेगी- या उस इंडस्ट्री को बचाती रहेगी जिसने नियामक कमजोरी को आर्थिक हक समझ लिया है। अगर भारत सच में दुनिया की फामेर्सी बनना चाहता है, तो उसे पहले अपने ही लोगों को दिवालिया बनाना बंद करना होगा।

## जैविक खेती को बढ़ावा: मिलेट्स महोत्सव में महिलाओं की बड़ी भागीदारी

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर ।कृषि** विभाग द्वारा जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव एवं रोड-शो का आयोजन स्थान कृषि विज्ञान केन्द्र पी०जी० कालेज गाजीपुर से मुख्य अतिथि माननीय नगर पालिका अध्यक्ष गाजीपुर श्रीमती सरिता अग्रवाल द्वारा झण्डा दिखाकर शुभारम्भ किया गया। उनके द्वारा श्री अन्न के उत्पादन पर जोर दिया तथा बताया गया कि श्री अन्न मे आवश्यक खनिज व पोषक तत्व मौजूद होते है, जो कुपोषण को दूर करता है, इसकी खेती बिना रासायनिक उर्वरक के भी सुगमता पूर्वक की जाती है।





महोदया द्वारा बताया गया कि पूरे विश्व मे मिलेट्स ईयर मनाया जा रहा है। मिलेट्स का मुख्य उत्पादक देश भारत है। मा० प्रधानमंत्री जी का सपना है, कि इस महत्वपूर्ण अनाज का प्रचार-प्रसार पूरे विश्व मे किया जाए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्री अन्न का उत्पादन बढाना तथा भोज्य पदार्थो मे शामिल करना है। मोटे अनाज सेहत के लिए बेहद उपयोगी है. फाईबर व खनिज प्रचुर मात्रा में पाये जाते है। उक्त रोड-शो मे बाल विकास परियोजना की महिलाएँ, पी०जी० कालेज गाजीपुर की छात्राएँ एवं सुसुण्डी कृषक फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी से बडी संख्या मे महिलाओ द्वारा प्रतिभाग किया गया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद मे रासायनिक उर्वरको का प्रयोग मानक से अधिक हो रहा है, जिसका दुष्प्रभाव मृदा एवं मानव स्वास्थ्य पर पड रहा है, जिसको कम कर जैविक खेती अपनाने पर जोर दिया जाय।

श्री अन्न बिना रासायनिक उर्वरक के भी उगाया जा सकता है। उक्त रोड-शो कृषि विज्ञान केन्द्र पी०जी० कालेज गाजीपुर से कचहरी, विशेश्वरगंज, रौजा, मिदनापुर, सैनिक चौराहा, हेतिमपुर, पी०जी० कालेज गाजीपुर होते हुये विकास भवन गाजीपुर पर समाप्त हुआ।

## जवाबदेही के अभाव में पिछड़ती भारतीय टेस्ट क्रिकेट

–राजेश पांडेय

**पहले** किसी भी टेस्ट सीरीज से पूर्व क्रिकेट टीम का कैम्प होता था। अब व्यस्त कार्यक्रम की वजह से कैम्प नहीं हो पाते हैं। लिहाजा, टेस्ट मैचों की मुश्किल परीक्षा के लिए खिलाड़ी तैयार नहीं हो पाते हैं। 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरूआत के बाद टी-20 क्रिकेट को ज्यादा अहमियत मिली है। आईपीएल ने अपार लोकप्रियता हासिल की है। टेस्ट मैचों को क्रिकेट का सबसे शुद्ध फॉर्मेट मानते हैं। विशेषज्ञ स्वीकार करते हैं, क्रिकेट खिलाड़ी की असली परीक्षा पांच दिन के टेस्ट में होती है। जैसा कि धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली का कहना है, खेल के अन्य स्वरूपों के मुकाबले टेस्ट क्रिकेट पांच लेवल आगे है। अपने जमाने में क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर मानते हैं, टेस्ट मैचों में कामयाबी वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाती है। स्पिन के जादूगर शेन वार्न भी कहते थे यदि आप दर्शकों और खिलाड़ियों से इज्जत हासिल करना चाहते हैं तो टेस्ट मैच सबसे अच्छी जगह है।

टी-20 क्रिकेट की चमक के बीच ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड में अब भी टेस्ट देखने के लिए हजारों लोग जुटते हैं। लेकिन, पूरी दुनिया की क्रिकेट को अपने धन के बूते चलाने वाले भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। इन दिनों हमारे यहां खिलाड़ियों और क्रिकेट बोर्ड का ध्यान टेस्ट मैचों के बजाय कहीं और है।

एक साल के भीतर घर में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के हाथों अपमानजनक हार ने टेस्ट मैचों में भारत की दुर्दशा की सही तस्वीर पेश की है। किसी समय स्पिन गेंदबाजी को भारत की ताकत माना जाता था। भारतीय बल्लेबाज स्पिन के बहुत अच्छे खिलाड़ी थे। ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न और श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन जैसे स्पिन के जादूगरों का भारत में औसत प्रदर्शन रहा है। अब स्थिति उल्टी है। न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका के अनाम स्पिनरों के सामने भारतीय बल्लेबाजों ने आसानी से हथियार डाल दिए। दोनों टेस्ट श्रृंखलाओं के नतीजों ने कुछ बुनियादी मुद्दे उठाए हैं।

भारतीय क्रिकेट के मौजूदा ढांचे में



किसी को टेस्ट क्रिकेट की परवाह नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 27 नवंबर को गुवाहाटी टेस्ट में भारत अपने 92 साल के टेस्ट इतिहास में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी हार (408 रन) से जूझ रहा था। उधर मुंबई में भव्य आयोजन में टी-20 विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा हो रही थी। जाहिर है, क्रिकेट बोर्ड का पूरा ध्यान सीमित ओवरों की क्रिकेट पर है। अपमानजनक पराजयों की जवाबदेही लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। भारत को अगली टेस्ट सीरीज कुछ महीनों बाद खेलना है। इसलिए टेस्ट क्रिकेट अब परदे के पीछे चली जाएगी। हार को भुला दिया जाएगा। टी-20 क्रिकेट की चकाचौंध में मूल मुद्दे गायब हो जाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कई बिंदुओं पर भारत की कमजोरी सामने आई है। रणनीति के तौर पर कोच गौतम गंभीर नाकाम साबित हुए हैं। गंभीर अपने समय के अच्छे ओपनिंग बैट्समैन थे। उनके कोच रहते भारत ने सीमित ओवरों की चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीते हैं। कुछ माह पहले ही भारत ने इंग्लैंड में 2-2 से टेस्ट सीरीज बराबरी पर खेली है। लेकिन, दक्षिण अफ्रीका सीरीज में गंभीर ने बल्लेबाजी क्रम में बार-बार बदलाव किए। विशेषज्ञ बल्लेबाजों, गेंदबाजों की बजाय ऑलराउंडर को आजमाया गया। जबकि टेस्ट मैचों में विशेषज्ञों के दम पर ही बेहतर प्रदर्शन मुमकिन है। पिछले साल न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनर और एजाज पटेल के सामने भारतीय बल्लेबाज नहीं टिक पाए थे। फिर भी, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ स्पिनरों के अनुकूल पिच बनवाई गई। 36 वर्षीय ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने दो टेस्ट मैचों में 17 विकेट लेकर भारत की कमर तोड़ दी। अफ्रीकी टीम पाकिस्तान से होकर भारत आई थी। वहां हार्मर और केशव महाराज ने 17 विकेट लेकर सीरीज बराबर की थी। इस तथ्य पर गौर किया जाता तो स्पिन लेने वाले पिचों से बचा जा सकता था।

गंभीर का कहना है कि अगर हमें टेस्ट मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना है तो उसके लिए अपनी प्राथमिकताएं तय करना होंगी। ऐसा नहीं हो सकता कि घर में दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट सीरीज के एक सप्ताह पहले हम ऑस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज खेल रहे हों। उनका मतलब है कि हमें टेस्ट मैचों पर फोकस करना था। बताते हैं, क्रिकेट बोर्ड में गंभीर का अच्छा प्रभाव है। वे एक बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर दिल्ली से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। इस समय क्रिकेट बोर्ड में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह की तूती बोलती है। वे गृहमंत्री अमित शाह के बेटे हैं। पांच साल तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव रहे हैं। जय शाह सीनियर के साथ जूनियर खिलाड़ियों से बातचीत करने के लिए जाने जाते हैं। आईसीसी में रहते हुए भी शाह का भारतीय बोर्ड पर प्रभाव होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। सवाल है क्या गंभीर पहले से नहीं जानते थे कि ऑस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज के कुछ दिन बाद ही भारत को टेस्ट सीरीज खेलना है। कोच यह मुद्दा बोर्ड के सामने पहले ही उठा सकते थे।

## कासिमाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई ,मुख्तार अंसारी गैंग से जुड़ी चेयरमैन पत्नी निकहत परवीन गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर।** जनपद के थाना कासिमाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-18/25 धारा 115(2)/352/351(3)/308(5) बीएनएस व 3(1)द,ध, 3(2)श एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्ता, मृत माफिया मुख्तार अंसारी गैंग कर.-191 का सहयोगी गैंग ऊ131 की सक्रिय सदस्या निकहत परवीन (नगर पंचायत बहादुरगंज चेयरमैन की पत्नी) को गिरफ्तार किया गया।अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.12.2025 को प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद मय टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-18/25 धारा 115(2)/352/351(3)/308(5) बीएनएस व 3(1)द,ध, 3(2)श एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्ता, मृत माफिया मुख्तार अंसारी गैंग कर.-191 का सहयोगी गैंग ऊ131 की सक्रिय सदस्या निकहत परवीन पत्नी रेयाज अहमद अंसारी



नि0 वार्ड न0-11 दक्षिण मुहल्ला बहादुरगंज थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर (नगर पंचायत बहादुरगंज चेयरमैन की पत्नी) को यूनियन बैंक कासिमाबाद के पास से थाना कासिमाबाद पुलिस के द्वारा नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 नन्द कुमार तिवारी मय हमराह उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही ।** सोमवार को ज्योति बाल विधामंदिर इण्टर कालेज पीपर गॉव में मिशन शक्ति 5०0 के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला शक्ति केंद्र द्वारा कार्यक्रम में बाल विवाह की सामाजिक व कानूनी जटिलताओं पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन किया गयाएश्रीमती प्रियंका गुप्ता तथा रेशमा भारतीय द्वारा कहा कि किसी भी बच्चे काए चाहे वह लडका हो या लडकी कम उम्र में विवाह नही होना चाहिए। विवाह की कानूनी उम्र



लड़कों की 21 वर्ष और लड़कियों की 18 वर्ष है । बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता हैए बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है। ऐसे मामलों की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने की अपील की ए समय से पूर्व विवाह उनकी शिक्षाए स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने बालकएबालिकाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने का संदेश दिया।

## पवन मिश्रा की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक,बिना, साक्ष्य लिखा गया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। कोइरौना** थाने में जीएसटी राजस्व हानि पहुंचाने जैसे मामले में निरुद्ध पवन कुमार मिश्रा निवासी करवधिया कटरा



बाजार,बनकट खास की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट इलाहाबाद ने रोक लगाया है जब तक स्पष्ट साक्ष्य दाखिल होंगे। 10 अक्टूबर को उपायुक्त राज्य कर खंड-3 मनोज अग्रवाल ने तहरीर दिया कि पंजीकृत फर्म में/एस पवन ट्रेडर्स, प्रोपाइटर पवन कुमार मिश्रा जीएसटीआईएन 09ईवीपीपीएम 9668एन1जेड4 द्वारा 22.12.19 को पंजीयन लिया गया था तथा 16.10.20 से पंजीयन निरस्त है। फर्म के पंजीयन प्रार्थना पत्र पर पाया गया कि पवन कुमार मिश्रा उक्त पते पर निवास/व्यापार का स्थल घोषित करते हुए पंजीयन लिया था जिसमें पैन नंबर ईवीपीपीएम 9668एन, मोबाइल नंबर,ई मेल आईडी भी अंकित किया गया है। अंग्रेतर जांच में मिला कि जून, जुलाई अगस्त 2020 में दाखिल रिटर्न जीएसटीआर-1 में कुल बिक्री 554938838 घोषित कर 72931515 की आईजीएसटी की आईटीसी पास इन की गई है। जांचोपरांत बिहार, पंजाब राज्य के ऐसे व्यापारियों को सप्लाई दिखाई गई है ।

## थाना गोपीगंज पुलिस टीम को मिली सफलता, नाजायज तमंचा 315 बोर अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जनपद** में चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत , अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में , शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराधों के रोकथाम व आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उक्त के क्रम में दिनांक 07.08.12.2025 की रात्रि को थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिरी सूचना के आधार पर अभियुक्त राजन पुत्र शिवप्रसाद गौतम निवासी सुजातपुर थाना गोपीगज जनपद भदोही उम्र



करीब 35 वर्ष को ग्राम कुलमनपुर रोड पर बरहम बाबा (बर्तन बाबा मंदिर) के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर तथा पेचकस/रम्मा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के साथियों सहित कुल 03 अभियुक्तों उपरोक्त के विरुद्ध थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0 545/2025 धारा 313/305/62 बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पताः- अभियुक्त राजन पुत्र शिवप्रसाद गौतम सुजालपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 35 वर्ष ।वांछित अभियुक्तों का नाम व पताः-1.राजेश गौतम पुत्र लालजी सुजालपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 22 वर्ष। 2.राजकुमार पुत्र अशोक कुमार गौतम सुजालपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष ।बरामदगीएक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस ।

# रामनगर में चमकी बच्चों की वैज्ञानिक सोचए क्विज और मॉडल प्रतियोगिता में दिखा जलवा

- जिला स्तर पर करेंगे मुकाबला
- राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की धूम

**अखंड भारत संदेश**



उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद बच्चों को सममानित करते अधिकारीगण

**चित्रकूट।** वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहन देने और बच्चों में नवाचारी दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज एवं विज्ञान मॉडल निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन 8 नवंबर को मां गायत्री देवी पब्लिक स्कूल रामनगर परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह और प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय द्वारा किया गया। विकासखंड रामनगर के 53 उच्च प्राथमिक विद्यालयों से क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर चयनित छात्र.छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में 25 बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली लिखित परीक्षा आयोजित हुईए जिसमें सर्वोच्च स्कोर करने वाले 25 प्रतिभागियों को पाँच टीमों में विभाजित कर क्विज का अंतिम राउंड कराया गया। टीम संख्या 01 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस टीम में विश्वनाथ पीएम श्री विद्यालय लोधौरा हिमांशु साहू कंपोजिट विद्यालय सिरावल माफी, मधु देवी कंपोजिट विद्यालय बरिया, पूनम देवी उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया खाद और प्रियांशी उच्च प्राथमिक विद्यालय बांधी शामिल रहीं। ये सभी अब जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में जिला प्रतिनिधित्व करेंगी। साथ ही विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए सर्वोच्च अंक पाने वाले 10 बच्चों का साक्षात्कार लेकर 5 उत्कृष्ट प्रतिभाओं का चयन किया गया। इसमें छाया देवी, पूनम देवी, प्रियांशी, हिमांशु साहू और मधु देवी चुने गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को वैज्ञानिक जिज्ञासा को आधार बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विजेताओं को मोमेंटोए विज्ञान पुस्तकेंए प्रमाण पत्र एवं स्टेशनरी प्रदान की गईए जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# चित्रकूट चैलेंज कप में जबलपुर की गरज गेंदबाजों ने कानपुर को 82 पर रोका

- जबलपुर ने 7 विकेट से जीतकर मारी बाजी
- सेमीफाइनल का रास्ता हुआ आसान



मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते जबलपुर के खिलाड़ी

**चित्रकूट।** स्थानीय जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट और चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब कर्वी द्वारा आयोजित राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख स्मृति चित्रकूट चौलेंज कप.2025 के पूल बी के पहले मुकाबले में जबलपुर ने कानपुर को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में शानदार प्रवेश किया। मुकाबले से पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दिनेश प्रसाद मिश्राए विशेष अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरेए राष्ट्रीय रेफरी डॉ तुषार कांत शास्त्री सहित कई गणमान्यजनों ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर जबलपुर ने पहले गेंदबाजी चुनी और अपनी सटीक लाइनद्दलेंथ से कानपुर को निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर सिर्फ 82 रन तक सीमित कर दिया। कानपुर की ओर से केवल शिवम गिरी (24) ही कुछ संघर्ष दिखा सके। जबलपुर की ओर से आदित्य ने घातक स्पेल डालते हुए 4 ओवर में सिर्फ 5 रन देकर तीन विकेट झटकेए जबकि शुभम को दो और देवांशए देवराज व आरव पटेल को एक.एक सफलता मिली। जवाब में जबलपुर ने 83 रन का लक्ष्य महज 12 ओवर में 3 विकेट पर आसानी से हासिल कर लिया। यश यादव (36) साहिल ठाकुर (19) और यश रजक (15) ने टीम को जीत तक पहुँचाया। शानदार गेंदबाजी के लिए आदित्य वर्मन मैन ऑफ द मैच चुने गए। कल पूल बी का अगला मुकाबला धौलपुर बनाम ललितपुर के बीच होगा।

# शहीदों और पूर्व सैनिकों के पुनर्वास हेतु झंडा दिवस पर जनसहयोग का आह्वान

**अखंड भारत संदेश**



डीएम को प्रतीक झंडा देते पुनर्वास अधिकारी कर्नल अवधेश सिंह

**चित्रकूट।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस का शुभारंभ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अवधेश सिंह ;अप्राद्ध ने जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को प्रतीक झंडा लगाकर कियाए जिसके बाद जिलाधिकारी ने दान पात्र में स्वैच्छिक योगदान दिया। 7 दिसंबर 1949 से मनाया जा रहा यह दिवस उन शहीदोंए पूर्व सैनिकों और घायल जवानों के सम्मान का प्रतीक हैए जिन्होंने सीमाओं पर देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। यह अवसर समाज के हर नागरिक को यह स्मरण कराता है कि वीर नारियोंए अपंग पूर्व सैनिकों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जवानों की सहायता केवल संवेदना नहींए बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। झंडा दिवस के माध्यम से थलसेनाए नौसेना और वायुसेना के वीरों के पराक्रम और त्याग को नमन करते हुए धन संग्रह कर उनकी देखभाल और पुनर्वास में सहयोग का संदेश दिया जाता है। अधिकारी.कर्मचारियोंए नागरिकों और उद्योगपतियों से अपील है कि इस पुनीत दिवस को सम्मानए संवेदना और योगदान के साथ मनाएं।

# मऊ विज्ञान क्विज में मेधावियों का जलवाए ब्लॉक स्तर पर निकले टॉप टेन प्रतिभागी

- सात संकुलों से आए 127 बच्चों की भिड़ंत
- बीआरसी सभागार में जुटा टैलेंट का मेला

**अखंड भारत संदेश**



टॉप टेन प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथिगण

**मऊ/चित्रकूट।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का मऊ विकासखंड में सोमवार को बीआरसी सभागार में आयोजन हुआ, जिसमें उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों से चयनित 127 मेधावी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एआरपी विज्ञान राम नारायण पांडे की निगरानी में यह परीक्षा दो कक्षों में हुई, जबकि खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त पांडे पूरे समय परीक्षा की शुचिता पर नजर बनाए रहे। सात संकुलों में कक्षा 6ए 7 और 8 से चयनित प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को रोल नंबर आवंटित कर प्रतियोगिता में सम्मिलित कराया गया। परीक्षा संचालन और मूल्यांकन की जिम्मेदारी पूर्व एआरपी गंगाधार द्विवेदी, सुशील पांडे, एआरपी शारदेंदु शुक्ल, डॉ अखिलेश मिश्रा, शिक्षक अजय भारतीयए मनीष वर्मा, अमित पांडे, आलोक श्रीवास्तव, इंद्रेश गौतम, रमेश चंद्र, दिवाकर त्रिपाठी, साधना शुक्ला, कल्पना पाल, सरिता पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह श्रीनेत सहित कई शिक्षकों ने संभाली। मूल्यांकन के बाद शीर्ष 25 बच्चों को द्वितीय चरण में मौखिक परीक्षा दी गईए जिसमें एआरपी विज्ञान राम नारायण पांडे और खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति ने प्रश्न पूछे। इसके बाद टॉप टेन की सूची तैयार की गईए जिन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन ने चयनित बच्चों को शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। प्रज्ञान शुक्ला ने प्रथम तथा रश्मि ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया, वहीं मॉडल प्रतियोगिता में ध्रुव और सर्वेंद्र ने बाजी मारी। एसडीएम ने बच्चों को प्रेरित करते हुए अध्ययन को जीवन की सबसे बड़ी ताकत बताया और सभी प्रतिभागियों को आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग ने किया।

# बेड़ी पुलिया से रामघाट तक फुटपाथ, लाइटिंग व कार पार्किंग पर अहम चर्चाएं, पर्यटन विकास को मिला नया ढांचा

- ट्रांसफार्मरों की शिफ्टिंग पर निर्देश
- नई रूपरेखा व समयसीमा तय



बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** डीएम की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में रामघाट एवं बेड़ी पुलिया से रामघाट तक चल रहे सौंदर्यीकरणए कायाकल्प और शहरी विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। यूपीपीसीएल द्वारा तैयार फुटपाथ डिजाइनए प्रकाश व्यवस्थाए ट्रांसफार्मरों की शिफ्टिंग और पाथवे की सामग्री पर अधिकारियों ने बिंदुवार चर्चा की। जिलाधिकारी ने साफ निर्देश दिया कि बेड़ी पुलिया चौराहे और बांदा.चित्रकूट मार्ग पर किए जा रहे सभी कार्य उच्च मानकों के अनुरूप होंए विशेषतः पत्थरए फ्लोरिंग और सजावटी तत्व पूरी तरह टिकाऊ और सुरक्षित हों। रामघाट क्षेत्र में चौड़ीकरणए डिजाइन सुधार और स्वच्छता को प्रमुखता देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि घाट की संपूर्ण लंबाई में एक समान सौंदर्य और मजबूत संरचना दिखाई देनी चाहिए। यूपीपीसीएल को फुटपाथ पर लगे ट्रांसफार्मरों को निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित करने और बाढ़.सुरक्षित हाई मास्क लाइट लगाने की दिशा में कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। सिंचाई विभाग से 100 और 25 वर्ष की बाढ़ से जुड़े अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा गयाए ताकि भविष्य के निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी न हो। जिलाधिकारी ने जल निगम, नगर पालिका और यूपीपीसीएल से सीवरेज, ड्रेनेज और विद्युत ट्रेंच की ड्राइंग शीघ्र स्वीकृत कराने पर जोर दिया। दिसंबर 2026 तक रामघाटए जुलाई 2026 तक एमएलसीपी और जून 2026 तक बेड़ी पुलिया कार्यों की समयसीमा तय की गई है।

# चित्रकूट में खनन पट्टाधारकों की बड़ी बैठक बकाया जमा न करने पर कड़ी चेतावनी

**जीपीएस आधारित परिवहन अनिवार्य**

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि एवं खनन पट्टों से जुड़े सभी पट्टाधारकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुईए जिसमें प्रशासन ने बकाया डीएमएफ किस्तों को एक सप्ताह के भीतर शत.प्रतिशत जमा कराने का स्पष्ट निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि डीएमएफ निधि का 70 प्रतिशत हिस्सा स्वास्थ्य और शिक्षा पर तथा 30 प्रतिशत सड़क निर्माण सहित अन्य प्राथमिक क्षेत्रों में खर्च होता है। ऐसे में समय पर धनराशि जमा न होने पर विकास कार्य बाधित होते हैंए जिससे सभी पट्टाधारकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। डीएम ने चेतावनी दी कि देरी करने वालों पर निरस्तीकरण और ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई तय है। जिलाधिकारी ने खनन क्षेत्रों में श्रमिकों के स्वास्थ्यए सुरक्षा और पंजीकरण पर भी जोर देते हुए कहा कि बिना हेलमेटए माइनिंग शूजए जैकेट और मास्क के किसी भी श्रमिक को खदान क्षेत्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पट्टाधारकों को अपने क्षेत्र में प्रथम उपचारए पेयजलए शेल्टर और शौचालय की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं सीमा स्तंभों के संरक्षण और स्वीकृत क्षेत्र में ही खनन करने की सख्त हिदायत दी गई। परिवहन मार्ग पर उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने हेतु नियमित पानी छिड़काव, तथा केवल वीटीएस. जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से ही उपखनिज लोडिंग अनिवार्य की गई। बैठक में पट्टा धारकों द्वारा नो.एंट्री समय में छूट की मांग पर डीएम ने कहा कि इस पर विचार कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगमए खान निरीक्षक मंटू कुमार सिंह सहित सभी पट्टा धारक उपस्थित रहे।

# सेमरिया चरणदासी के करियर मेले में छात्रों की पंख डायरी और मॉडल बने आकर्षण का केंद्र

**अखंड भारत संदेश**



करियर मेले का फीता काटते एसडीएम मानिकपुर

**चित्रकूट।** राजकीय हाईस्कूल सेमरिया चरणदासी चित्रकूट में सोमवार को आयोजित करियर मेले ने छात्रों के भविष्य को नई दिशा देने का काम किया। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम और विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए छात्रों द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्टए मॉडल और प्रयोगशाला कार्यों का निरीक्षण किया। जल संचयनए पृथ्वी गतिए सड़क सुरक्षा और दिन.रात जैसे विषयों पर छात्रों की प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया। करियर हबए पथ प्रदर्शिकाए सीआईएस टेस्ट परिणाम और छात्रों की पंख डायरी भी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में छात्रों की प्रतिभा और विद्यालय की अनुशासित व्यवस्था की सराहना करते हुए उन्हें करियर निर्माण के लिए उपयोगी सुझाव दिए। विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक दल और नोडल प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा। संयोजक प्रधानाचार्य डॉ सनत कुमार द्विवेदी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# महाराजा विजयी पासी की मूर्ति स्थापना फिर चर्चा में, सुहेलदेव आर्मी ने उठाई मांग

- सुहेलदेव आर्मी ने सौंपा ज्ञापन
- स्थापना में 27 साल की देरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में सुहेलदेव आर्मी के पदाधिकारी एक बार फिर पुरानी मांग को लेकर मुखर हो गए हैं। महाराजा विजयी पासी की मूर्ति स्थापना की वर्षों से लंबित प्रक्रिया को तेज करने की मांग के साथ संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भरतपुरीध्शहजादपुर वार्ड नंबर 16 में स्थित उस भूमि पर यह प्रतिमा लगनी हैए जिसकी आधारशिला 7 सितंबर 1997 को तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वण कोमलनाथ पटेल ने रखी थी। संगठन का कहना है कि 27 वर्षों से मूर्ति स्थापना रुकी होने से समाज में गहरी नाराजगी पनप रही है। ज्ञापन में साफ कहा गया है कि निर्धारित स्थल पर अब तक स्थायी निर्माण न होना प्रशासनिक उदासीनता को दशार्ता है। सुहेलदेव आर्मी ने मूर्ति स्थल पर मौजूद कथित अनाधिकृत कब्जे हटाकर जगह को साफ.सुथरा कर व्यवस्थित करने की मांग भी रखी। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो समाज आंदोलन करने को विवश होगा। ज्ञापन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी सहित कई पदाधिकारियों के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

# 28 ग्रामीण व एक शहरी केंद्र पर चला स्वास्थ्य मेलाए 1205 लोगों को मिला उपचार

**अखंड भारत संदेश**




स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों का चेक अप करते डॉक्टर

**चित्रकूट।** जनपद में रविवार का दिन इस बार पूरी तरह स्वास्थ्य समर्पित रहाए जब 07 दिसंबर को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला जिले के 28 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 1 शहरी केंद्र पर एक साथ आयोजित हुआ। शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के तहत आयोजित इस मेले में वंचित वर्ग को एक ही मंच पर उपचार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया। मेले में कुल 1205 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कींए जिनमें 560 पुरुषए 447 महिलाएं और 198 बच्चे शामिल रहे। 46 चिकित्सकों और 98 पैरामेडिकल कर्मियों की टीम ने संचारी रोगए फाइलेरियाए कुष्ठए क्षयरोगए मातृ व बाल स्वास्थ्यए किशोर स्वास्थ्यए परिवार नियोजन तथा आयुष्मान.गोल्डेन कार्ड जैसी सेवाएं प्रदान कीं। विभिन्न योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल और प्रदर्शनी भी लगाई गईं। मेले का निरीक्षण नोडल अधिकारियोंए एसीएमओए डीसीएमओए डीएमओ व ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षकों ने किया। प्रशासन ने जनमानस से अपील की है कि आगामी प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले इस मेले का अधिक से अधिक लाभ लें।

# मंडलीय पेंशन अदालत फिर होगी शुरू, लंबित देयों पर सुनवाई का बड़ा मौका

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बाँदा के निर्देशों के अनुसार 1 जनवरी 2026 को सुबह 11 बजे आयुक्त कार्यालय में मंडलीय पेंशन अदालत और सेवानिवृत्त शिक्षकों.कर्मचारियों के लंबित देयों से संबंधित जनसुनवाई पूर्व व्यवस्था के अनुसार आयोजित की जाएगी। पेंशन अदालत के वाद पत्र निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से जुड़े शिकायत पत्र दो प्रतियों में 12 दिसंबर शाम 4 बजे तक अपर निदेशकए कोषागार एवं पेंशन कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा कराए जा सकेंगे। संबंधित पत्रों की एक प्रति कर्मचारी को अपने मूल कार्यालय में भी जमा करनी होगी।

## अवैध खनन.परिवहन पर जिला टास्क फोर्स ने की कार्रवाई, लाखों का जुमार्ना

**चित्रकूट।** जिले में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और अनाधिकृत परिवहन पर जिला प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख दिखाया है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स और भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय की संयुक्त टीमों ने 1 से 8 दिसंबर तक अलग.अलग क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान बिना परिवहन प्रपत्र या निर्धारित मात्रा से अधिक सामग्री ढोने वाले कुल 25 वाहनों को पकड़ा गया और नियमानुसार 6ण्97 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। वहीं पूरे वित्तीय वर्ष 2025.26 में नवंबर माह तक प्रवर्तन कार्रवाई के तहत कुल 413 वाहनों से 293ण्35 लाख रुपये की वसूली दर्ज की गई। प्रशासनिक टीमों का कहना है कि जिले में अवैध खनन के हर प्रकरण पर नजर रखी जा रही है और किसी भी स्तर पर नियम टूटते पाए जाने पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। सघन चेकिंग के दौरान श्री सौरभ यादवए उप जिलाधिकारी न्यायिक कर्वीए अरविन्द कुमारए पुलिस क्षेत्राधिकारी, कर्वी एवं मन्टू सिंहए खान निरीक्षकए चित्रकूट उपस्थित रहें।

## कर्वी में चोरी की सिलाई मशीन बरामदए लिंक रोड के पास दो आरोपी दबोचे गए

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी क्षेत्र में सिलाई मशीन चोरी के मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए दो आरोपियों को चोरी की मशीन सहित गिरफ्तार कर लिया। घटना 6 दिसंबर की रात की हैए जब वादी संतोष कुमार घर लौटे तो खिड़की टूटी मिली और अलमारी का ताला टूटा था। उनकी पत्नी के मायके जाने के दौरान पड़ोसी चन्द्रप्रकाश उर्फ पट्ट और प्रेमचन्द्र उर्फ रज्जू पर मशीन चोरी करने का आरोप लगा। मामले में मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस टीम सक्रिय हुई। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर काली देवी मंदिर के पास दोनों आरोपी दबोच लिए गए। कड़ाई से पूछताछ में दोनों ने चोरी स्वीकार कर ली।

# कैरिबियन ड्रग कार्टेल पर हमले जायज, ट्रंप की सैन्य शक्ति पर संदेह नहीं

**कैलिफोर्निया**

**रक्षा** सचिव पीट हेगसेथ ने शनिवार को कैरिबियन सागर में ड्रग कार्टेल की नावों पर अमेरिकी सेना द्वारा किए गए हमलों का जोरदार समर्थन किया है। उन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास जैसा वह उचित समझें सैन्य कार्रवाई करने की पूरी शक्ति है। हेगसेथ ने इस चिंता को खारिज कर दिया कि ये हमले अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं।

हमलों की वैधता पर हेगसेथ का तर्क

हेगसेथ ने कैलिफोर्निया के सिमी वैली में रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी में बात की। ये हमले कितने कानूनी हैं और पेंटागन में उनके नेतृत्व की भूमिका को लेकर जांच बढ़ रही है। रक्षा सचिव ने दावा किया कि ये हमले, जिनमें सितंबर से अब तक 80 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए सही थे। उन्होंने संदिग्ध ड्रग तस्करों की तुलना अल-कायदा आतंकवादियों से की। हेगसेथ ने चेतावनी दी, 'अगर आप किसी नामित आतंकवादी संगठन के लिए काम कर रहे हैं और आप नाव से इस देश में ड्रग्स लाते हैं, तो हम आपको ढूंढ निकालेंगे और आपको डुबो देंगे।'

राष्ट्रपति ट्रंप की सैन्य शक्ति

हेगसेथ ने राष्ट्रपति ट्रंप की सैन्य कार्रवाई करने की शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप हमारे देश के हितों की रक्षा के लिए जैसा उचित समझेंगे, वैसा निर्णायक सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं और करेंगे। धरती पर कोई भी देश एक पल के लिए भी इस पर शक न करे।' ट्रंप प्रशासन का कहना है कि लगभग दो दर्जन हमले युद्ध के नियमों के तहत कानूनी हैं। उनका तर्क है कि अमेरिका नामित आतंकवादी संगठनों, जैसे वेनेजुएला का ट्रेन डे अरागुआ और कोलंबिया की नेशनल लिबरेशन आर्मी, से जुड़े फेंटानिल तस्करों के साथ सशस्त्र संघर्ष में शामिल है।

हमलों की वैधता पर बढ़ते सवाल

हेगसेथ के कड़े बचाव के बावजूद, ट्रंप प्रशासन को इन ड्रग तस्करी विरोधी अभियानों की वैधता को लेकर सवालों का सामना करना पड़ रहा है, यहां तक कि कुछ रिपब्लिकन नेता भी सवाल उठा रहे हैं।



कानूनी विशेषज्ञों ने इस तर्क की आलोचना की है। उनका कहना है कि अमेरिका कैरिबियन में किसी भी सशस्त्र समूह के साथ युद्ध में नहीं है, और संदिग्ध तस्करों ने अमेरिका या उसकी संपत्तियों पर हमला नहीं किया है। अन्य चिंताएं भी हैं, जैसे कि कथित तस्करों को किसी अदालत में दोषी नहीं ठहराया गया है। अमेरिका ने अपने कार्टेल पदनामों के समर्थन में बहुत कम सबूत दिए हैं।

क्षेत्रीय विशेषज्ञों का कहना है कि ये हमले फेंटानिल तस्करी को रोकने में ज्यादा प्रभावी नहीं होंगे, क्योंकि यह ड्रग ज्यादातर मैक्सिको के रास्ते अमेरिका में आती है, न कि कैरिबियन के समुद्री रास्ते से।

'सभी को मार डालो' निर्देश पर विवाद

हमलों और हेगसेथ की भूमिका की जांच तब और तेज हो गई जब वाशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट दी कि 2 सितंबर को हुए एक हमले के बाद, दूसरा हमला किया गया जिसमें मलबे से चिपके दो बचे हुए लोगों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि ऑपरेशन की देखरेख करने वाले कमांडर ने हेगसेथ के 'सभी को मार डालो' के निर्देश का पालन करने के लिए दूसरे हमले का आदेश दिया था। हेगसेथ ने इस दावे से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि कमांडर ने नाव को डुबो दिया और खतरे को खत्म कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जब उन्होंने पहला हमला देखा तो वह उसके बाद एक या दो घंटे तक वहां नहीं रुके।

इस्तीफे की बढ़ती मांगें और रक्षा सचिव का रुख

भले ही हेगसेथ पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिखा रहे हैं, लेकिन डेमोक्रेट्स की ओर से उनके इस्तीफे की मांगें तेज हो रही हैं।

# खालिदा जिया लंबी फ्लाइट के लिए अभी फिट नहीं, 48 घंटे का ऑब्जर्वेशन पीरियड आज रात होगा खत्म

**नई दिल्ली। बांग्लादेश** की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को उच्च स्तरीय इलाज के लिए ब्रिटेन ले जाने की योजना बनाई जा रही थी। हालांकि, मेडिकल बोर्ड की तरफ से अपडेट आया है कि अभी वह इतनी फिट नहीं हैं कि उन्हें इलाज के लिए एयरलिफ्ट किया जा सके। वहीं, बांग्लादेशी मीडिया ने बताया कि उनका स्वास्थ्य पहले से बेहतर है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने पहले खालिदा जिया को एयरलिफ्ट करने के लिए फ्लाइट शुक्रवार के लिए शेड्यूल की थी। हालांकि, उनकी हालत स्थिर नहीं थी, इस वजह से फिर उनकी फ्लाइट आज के लिए रीशेड्यूल की गई। हालांकि, उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया था, जिसकी वजह से दोनों कोशिशें नाकाम रहीं।

खालिदा के मेडिकल बोर्ड ने शनिवार रात को हॉस्पिटल में एक मीटिंग की ताकि उनकी टेस्ट रिपोर्ट्स की समीक्षा की जा सके। मेडिकल बोर्ड की बैठक में बीएनपी के एक्टिंग चेयरमैन और खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान की पत्नी और बोर्ड की सदस्य डॉ. जुबैदा रहमान भी शामिल हुईं।



मेडिकल बोर्ड ने कहा कि खालिदा लंबी फ्लाइट के लिए शारीरिक तौर पर फिट नहीं है। इसकी वजह से उनकी फ्लाइट यात्रा में वक्त लगेगा। खालिदा का 48 घंटे का ऑब्जर्वेशन पीरियड आज रात खत्म हो जाएगा। इसके बाद डॉक्टर आगे क्या करना है, इसके बारे में फैसला करेंगे।

खालिदा के पर्सनल डॉक्टर जाहिद हुसैन ने कहा, "उनकी विदेश यात्रा में देरी हो रही है, और उनका स्वास्थ्य तय करेगा कि वह उच्च स्तरीय इलाज के लिए कब जा सकती हैं।" शनिवार को हॉस्पिटल के बाहर मीडिया को जानकारी देते हुए,

जाहिद ने कहा, "बीएनपी चीफ के लिए एक एयर एम्बुलेंस तैयार है, लेकिन सबसे बड़ी प्राथमिकता खालिदा जिया के लिए सही हेल्थ केयर और सुरक्षा है।"

उन्होंने कहा, "हमें याद रखना चाहिए कि फ्लाइट में 12 से 14 घंटे लगेंगे, और ज्यादा ऊंचाई पर इंसान के शरीर में बदलाव होते हैं। गंभीर रूप से बीमार मरीज के लिए हमेशा इसका सामना करना मुमकिन नहीं होता।"

इस बीच, तारिक रहमान की पत्नी जुबैदा शनिवार को लगभग नौ घंटे अस्पताल में रहीं। इस दौरान वह खालिदा जिया से मिलीं और बाद में उनके धनमंडी वाले घर के लिए निकल गईं। वह शुक्रवार को ढाका पहुंचीं।

खालिदा के एक बेटे अराफात रहमान कोको अब इस दुनिया में नहीं हैं। ऐसे में उनकी पत्नी, सैयदा शर्मिला रहमान, और बीएनपी के सेक्रेटरी जनरल, मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर, भी शनिवार को अस्पताल पहुंचे थे।

मेडिकल बोर्ड के एक डॉक्टर ने नाम न बताने की शर्त पर शनिवार शाम को कहा, ह्लउनकी हालत पहले से बेहतर है, लेकिन सफर के लिए पर्याप्त ठीक नहीं है। हम अभी यह नहीं कह सकते कि वह कब फ्लाइट ले पाएंगी। बोर्ड को उम्मीद है कि वह आखिरकार एडवांस इलाज के लिए विदेश जा पाएंगी।

# बेनिन में तख्तापलट की कोशिश नाकाम, गृह मंत्री का ऐलान, राष्ट्रपति टैलोन सुरक्षित

**बेनिन**

**पश्चिम** अफ्रीकी देश बेनिन में तख्तापलट की कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। देश के गृह मंत्री अलासाने सेडू ने नेशनल टीवी पर आकर इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह, 7 दिसंबर 2025 को, सैनिकों के एक छोटे समूह ने सरकार और उसकी संस्थाओं को अस्थिर करने के उद्देश्य से विद्रोह शुरू किया था।




## सेना की प्रतिबद्धता

गृह मंत्री ने कहा कि बेनिन के सशस्त्र बलों और उनके नेतृत्व ने अपनी शपथ के प्रति सच्चे रहते हुए, गणतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई। उन्होंने कहा, 'उनकी प्रतिक्रिया ने उन्हें स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने और प्रयास को विफल करने में मदद की।' इससे पहले, लेफ्टिनेंट-कर्नल पास्कल टिगरी के नेतृत्व वाले सैनिकों के एक समूह ने एक प्रसारण में राष्ट्रपति पैट्रिस टैलोन को हटाए जाने और संविधान को निलंबित करने की घोषणा की थी। हालांकि, एक राष्ट्रपति सलाहकार ने बाद में बीबीसी को बताया कि राष्ट्रपति सुरक्षित हैं और फ्रांसीसी दूतावास में हैं।

## कोटोनू में गोलीबारी और सैन्य तैनाती

राजधानी कोटोनू में राष्ट्रपति आवास के पास गोलीबारी की सूचना मिली थी। चश्मदीदों ने बताया कि उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी, और कुछ पत्रकारों को बंधक भी बना लिया गया था। शहर के ऊपर हेलीकॉप्टर उड़ते देखे गए और कई सड़कों पर भारी सैन्य उपस्थिति के कारण रास्ते बंद थे। फ्रांसीसी, रूसी और अमेरिकी दूतावासों ने अपने नागरिकों को सुरक्षा के लिए घर के अंदर रहने या प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी।

## तख्तापलट का कारण

तख्तापलट की कोशिश करने वाले सैनिकों ने राष्ट्रपति टैलोन के देश के प्रबंधन की आलोचना करके अपने कार्यों को सही ठहराया। उन्होंने एक बयान में कहा कि सेना बेनिन के लोगों को 'एक सच्चे नए युग की उम्मीद' देने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्रीय अस्थिरताः बेनिन, जिसे अफ्रीका के अधिक स्थिर लोकतंत्रों में से एक माना जाता था, में यह कोशिश पास के गिनी-बिसाऊ में हुए तख्तापलट के ठीक एक हफ्ते बाद हुई है। हाल के सालों में, पश्चिम अफ्रीका में बुर्किना फासो, गिनी, माली और नाइजर में भी तख्तापलट हुए हैं, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। अंतर्राष्ट्रीय निंदाः इकोवास (ECOWAS) और अफ्रीकी संघ (AU) ने इस तख्तापलट की कोशिश की कड़ी निंदा की है। अव ने कहा कि यह "किसी भी असंवैधानिक सरकारी बदलाव के प्रति शून्य सहनशीलता" के रुख को दोहराता है।

## आगामी चुनाव

67 वर्षीय राष्ट्रपति टैलोन, जो एक बिजनेसमैन हैं और कॉटन के राजा के नाम से जाने जाते हैं, को पश्चिम का करीबी सहयोगी माना जाता है। वह अगले साल अप्रैल में होने वाले चुनाव के बाद अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करके पद छोड़ने वाले हैं। हालांकि, उनकी सरकार की विरोध की आवाजों को दबाने के लिए आलोचना भी हुई है।

# जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'Radar Lock' किया, जापान ने जताया विरोध



**जापान**

**चीनी** विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ान भरने वाले एक सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना ह्यरडार लॉकह्न कर दिया जिसे लेकर जापान ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है।

रडार लॉक का मतलब होता है- किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके।

जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे-15 ने शनिवार को दो बार अलग-अलग समय में जापानी एफ-15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। मंत्रालय ने कहा कि एक बार दोपहर में लगभग तीन मिनट के लिए और फिर शाम को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसा किया गया। मंत्रालय के अनुसार, चीनी विमान से उन जापानी लड़ाकू विमानों पर रडार लॉक किया जिन्होंने चीन की ओर से हवाई क्षेत्र के संभावित उल्लंघन के खिलाफ प्रतिक्रिया दी थी। मंत्रालय ने कहा कि जापानी हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और इस घटना से कोई नुकसान होने की भी सूचना नहीं मिली।

यह स्पष्ट नहीं है कि रडार लॉक करने की घटना में दोनों बार वही चीनी जे-15 विमान शामिल था या नहीं।

# मिचोआकान राज्य में विस्फोट होने से कम से कम दो लोगों की मौत, सात घायल

**मेक्सिको**

**मेक्सिको** के मिचोआकान राज्य में एक स्थानीय पुलिस थाने के बाहर विस्फोट होने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। स्थानीय एवं संघीय सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोआहुआयाना पुलिस के कमांडर हेक्टर जेपेदा ने शनिवार को कहा कि विस्फोट में दो पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई जबकि घायलों में आम लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग विस्फोट स्थल से काफी दूर पड़े मिले।



विस्फोट के कारण आसपास की इमारतों को भी नुकसान हुआ है। विस्फोट शनिवार को उस समय हुआ जब मिचोआकान के गवर्नर अल्फ्रेडो रामिरेज बेडोल्ला अपनी पाटीमीरेना की सरकार के कार्यकाल के सात साल पूरे होने के मौके पर मेक्सिको सिटी में राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ जश्न मना रहे थे।

मिचोआकान में सुरक्षा व्यवस्था बिगड़ने को लेकर रामिरेज बेडोल्ला और शिनबाम की आलोचना हुई है, जहां कई मादक पदार्थ गिरोह इलाके पर कब्जा करने के लिए आपस में लड़ रहे हैं और स्थानीय लोगों को आतंकित कर रहे हैं। राज्य सरकार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि विस्फोटक उपकरण से विस्फोट हुआ, लेकिन उसने विस्तृत जानकारी नहीं दी।

# दक्षिण अफ्रीका में बार में गोलीबारी में 11 लोगों की मौत

**दक्षिण अफ्रीका**

**दक्षिण अफ्रीका** की राजधानी के निकट एक गैर-लाइसेंसी ह्यबारह्न में शनिवार को कई संदिग्धों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों में तीन, 12 और 16 साल के तीन बच्चे शामिल हैं।

दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा के एक बयान के अनुसार 14 अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने घायलों की उम्र या उनकी स्थिति के बारे में कोई विवरण नहीं दिया।

पुलिस ने बताया कि गोलीबारी शनिवार तड़के प्रशासनिक राजधानी प्रिटोरिया के पश्चिम में सॉल्सविले टाउनशिप के एक छात्रावास के भीतर एक ह्यबारह्न में हुई। पुलिस ने बताया कि दस लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 11वें की अस्पताल में मौत हो गई। इसने बताया कि मारे गए बच्चों में तीन वर्षीय एक बालक, 12 साल का एक लड़का और 16 साल की एक लड़की शामिल हैं।




पुलिस ने बताया कि वे तीन संदिग्धों की तलाश कर रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर एथलेंडा माथे ने राष्ट्रीय प्रसारक एसएबीसी से कहा, हमें बताया गया है कि कम से कम तीन अज्ञात बंदूकधारी इस छात्रावास में घुस आए, जहां कुछ लोग शराब पी रहे थे और उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी।

उन्होंने कहा कि इन हत्याओं का मकसद स्पष्ट नहीं है।

उन्होंने बताया कि गोलीबारी तड़के लगभग चार बजकर 15 मिनट पर हुई, लेकिन पुलिस को सुबह छह बजे सूचना मिली। उन्होंने कहा कि ह्यबारह्न में गोलीबारी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है और पुलिस ने इस वर्ष अप्रैल से सितंबर के बीच 11,000 से अधिक अवैध शराबखानों को बंद कर दिया है ।

# शक्तिशाली भूकंप, किसी तरह के नुकसान की नहीं मिली खबर

**अमेरिका**

**अमेरिका** के अलास्का राज्य और कनाडा के क्षेत्र यूकोन के बीच सीमा के निकट एक इलाके में शनिवार को सात तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। सुनामी को लेकर हालांकि कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है और न ही किसी तरह के नुकसान के बारे में तत्काल कोई जानकारी मिली है।

अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप अलास्का से लगभग 370 किलोमीटर दूर आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के बाद हल्के झटके भी महसूस किए गए।




अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# चांसलर मैर्त्स की पहली इस्राएल यात्रा, दो-राष्ट्र समाधान भी एजेंडा में

**जर्मनी**

**जर्मनी** के चांसलर मैर्त्स पद संभालने के बाद पहली बार इस्राएल गए हैं. दो-राष्ट्र समाधान को बढ़ावा देना भी उनके प्रमुख एजेंडा में शामिल है.

मई 2025 में चांसलर बने फ्रीडरिष मैर्त्स की यह पहली इस्राएल यात्रा है. बीते कुछ दशकों, खासकर अंगेला मैर्केल की चांसलरी के समय से ही जर्मनी के चांसलर पदभार संभालने के कुछ ही महीनों के भीतर इस्राएल की यात्रा करते हैं.

मैर्केल नवंबर 2005 में चांसलर बनीं और जनवरी 2006 में इस्राएल की आधिकारिक यात्रा पर गईं. उनके बाद चांसलर बने ओलाफ शॉल्त्स ने दिसंबर 2021 में पद संभाला और मार्च 2022 में इस्राएल की यात्रा पर पहुंचे.

अपने पूर्ववर्ती दोनों चांसलरों की तुलना में मैर्त्स पहली इस्राएल यात्रा पर कुछ देर से आए हैं. समाचार एजेंसी डीपीए के अनुसार, गाजा पट्टी में हो रहे युद्ध को सात महीने की इस देरी का कारण माना जा रहा है.

मृत बंधकों के परिवार से भी भेंट करेंगे चांसलर

यात्रा के प्रारंभ में मैर्त्स ने इस्राएल के राष्ट्रपति आईजाक हेर्त्सोग से मुलाकात की. यात्रा के आखिरी दिन, 7 दिसंबर को प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू से भी उनकी मुलाकात हुई. मैर्त्स ने कहा है कि इस मीटिंग में वह इस्राएल-फलस्तीन संघर्ष सुलझाने के लिए दो-राष्ट्र समाधान पर अमल को प्रोत्साहन देंगे. पीएम नेतन्याहू कहते आए हैं कि फलस्तीनी राष्ट्र कभी नहीं बनेगा.

मैर्त्स यरुशलम में 'यद वशेम होलोकॉस्ट मेमोरियल' भी गए. स्मारक की अतिथि-



पुस्तिका में चांसलर ने लिखा, "यहां यद वशेम में, जर्मनी की स्थायी ऐतिहासिक जिम्मेदारी महसूस हो रही है. जर्मनी को इस्राएल के अस्तित्व और सुरक्षा के लिए जरूर खड़ा होना चाहिए. यह हमारे रिश्ते का कभी ना बदलने वाला मुख्य तत्व है, और यह हमेशा कायम रहेगा." मैर्त्स ने जर्मनी के ऐतिहासिक दायित्व का जिक्र करते हुए कहा कि इस्राएल का साथ देना जर्मन नीति का "अडिग सार" है.

जर्मन चांसलरों की इस्राएल यात्रा में होलोकॉस्ट मेमोरियल जाना परंपरा का हिस्सा है. साल 1953 में बना यद वशेम, होलोकॉस्ट स्मारक है. यह होलोकॉस्ट में कत्ल किए गए यहूदियों, नष्ट किए गए यहूदी समुदायों को याद करता है.

जब पूर्व चांसलर मैर्केल पहली बार इस स्मारक पर गईं, तो अपना अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने बताया, "उस जगह ने मुझे शर्म की गहरी भावना से भर दिया. मुझे याद है कि स्मारक स्थल पर रखे गेस्टबुक में मैंने क्या लिखा था. मैंने विल्हेम्ल फॉन हुम्बोल्ट की पंक्तियां लिखीं, "जो अतीत को जानते हैं, केवल उन्हीं का भविष्य है."

इस्राएल से वापस लौटने से पहले चांसलर मैर्त्स हमास द्वारा रिहा किए गए बंधकों से मिलने के साथ ही मृत बंधकों के परिवारों से भी मिलेंगे.

"जर्मनी बहुत मजबूती से इस्राएल के साथ है"

राष्ट्रपति हेर्त्सोग के साथ बैठक में मैर्त्स ने मौजूदा समय को मुश्किल बताते हुए कहा, "हमारी मुलाकात बहुत ही जटिल और चुनौतीपूर्ण समय में हो रही है. आप जानते हैं, जर्मनी बहुत मजबूती से इस्राएल के साथ है. खासतौर पर, 7 अक्टूबर 2023 को हमास के भीषण हमले के समय से. तब से, हम अपनी दोस्ती को और भी गहराई देने और मजबूत बनाने में सक्षम रहे. और, आप जानते हैं कि हम हमेशा इस्राएल के साथ खड़े रहेंगे. हम अब भी इस दोस्ती को एक चमत्कार मानते है।